शनिवार, 11 जुलाई 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 31 |
| आर्द्रता | 86% |
| सूर्योदय: 04:59 | सूर्यास्त: 18:24 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

सुविचार : छोटे कदम, बड़ी मंजिल की ओर यह प्रयास आपको आगे बढ़ाता है।




ई20 से पांच प्रतिशत घट सकती है माइलेज लेकिन स्वच्छ दहन जैसे लाभ अधिक: पेट्रोलियम मंत्रालय पृष्ठ 8




## निजी स्कूलों का सम्मोहन फिक्र की बात

तमाम विसंगतियों, संसाधनों की कमी, शिक्षकों का पर्याप्त संख्या में न होना तथा समय के साथ कदमताल न कर पाने वाले सरकारी स्कूलों से छात्रों का मोहभंग होना बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। देशभर में स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं, छात्रों के प्रवेश व शिक्षकों के आंकड़ों पर नजर रखने वाले केंद्र के आंकड़ों से पुष्टि हुई कि छात्र सरकारी स्कूलों से विमुख हो रहे हैं और लगातार निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि बीते दो सालों में लगभग 86 लाख छात्र सरकारी स्कूल छोड़कर चले गए। वहीं इसी दौरान प्राइवेट तथा बिना सरकारी मदद वाले मान्यता प्राप्त स्कूलों में 88 लाख नए छात्र शामिल हुए हैं। 'यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस' के अनुसार शुरुआती कक्षा से सेकेंडरी स्तर तक स्कूल में दाखिले में कमी देखी गई है। जो संख्या साल 2023-24 के 24.8 करोड़ से घटकर साल 2025-26 में 24.72 करोड़ हो गई है। वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में दाखिले तेजी से घटकर 12.75 करोड़ से 11.89 करोड़ हो गए हैं। वैसे ये आंकड़े यह भी बताते हैं कि तमाम कमियों और घटती लोकप्रियता के बावजूद सरकारी स्कूल ज्यादतर लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। निस्संदेह, ऐसे में सरकारों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिये गंभीर प्रयास किए जाएं। यह हकीकत है कि जमीनी स्थिति के आधार पर कहा जा सकता है कि अभी तक अच्छी शिक्षा की गुणवत्ता का वायदा पूरा नहीं हो पाया है। हाल ही में सामने आए आंकड़ों का एक सकारात्मक पक्ष यह है कि सेकेंडरी स्तर पर स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में कुछ कमी जरूर आई है। वहीं दूसरी ओर शून्य दाखिले वाले स्कूलों की संख्या 12,954 से घटकर 5,663 हो गई है। इसके साथ ही एक शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या 1.11 लाख से घटकर 1.01 लाख हो गई है।

दूसरी तरफ अब शिक्षकों की कुल संख्या 1.03 करोड़ है, जिसके चलते छात्र-शिक्षक अनुपात 25 से घटकर 24 हो गया है। वहीं लड़कियों की भागीदारी भी बढ़कर 48.4 होना उत्साहवर्धक कहा जा सकता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्कूलों में दिव्यांग छात्रों के लिये संरचनात्मक सुविधाओं, छात्राओं के लिये शौचालय, हाथ धोने तथा पीने के पानी की व्यवस्था में उत्साहजनक सुधार हुआ है। हालांकि, जमीनी स्तर पर दावों की हकीकत तार्किक कसौटी पर खरी उतरनी चाहिए। सही मायने में किसी सुविधा का उपलब्ध होना और उसका सही तरीके से इस्तेमाल होना दो अलग चीजें हैं। लेकिन देश के नीति-नियंताओं को समझना चाहिए कि समाज में जिस वर्ग को शिक्षा की अधिक आवश्यकता है, वही सरकारी स्कूलों पर अधिक निर्भर है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग भी अपनी मजबूरी के चलते सरकारी स्कूलों की ओर रुख करता है। इसके बावजूद कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठाए जाते रहे हैं। सवाल यह भी है कि जब आजादी के बाद संविधान निर्माताओं ने हर बच्चे को अनिवार्य रूप से निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने को कहा था तो आजादी के बाद के शुरुआती दशकों में शिक्षा के ये लक्ष्य हासिल क्यों नहीं किए गए? यदि तब केंद्र व राज्य सरकारों ने सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिये ईमानदार प्रयास किए होते और पर्याप्त वित्तीय साधन उपलब्ध कराये होते तो आज लोगों को सरकारी स्कूलों से मोहभंग न हो रहा होता। यदि संपन्न वर्ग, अधिकारियों के बच्चे और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चे एक साथ सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे होते तो शिक्षा जगत में आज व्याप्त गहरी विसंगति की खाई दूर हो जाती। हमारे तंत्र द्वारा सरकारी स्कूलों में सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति उदासीनता दिखाने, शिक्षकों को गाहे-बगाहे गैर शैक्षिक कार्यों में लगाने और समय रहते पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति न करने से स्थितियां विकट हुई हैं। यह विडंबना ही कही जाएगी कि सत्तर के दशक में शिक्षा के उन्नयन के लिये गठित कोठारी आयोग की वह सिफारिश आज भी धूल फांक रही है, जिसमें शिक्षा पर देश के जीडीपी का छह प्रतिशत खर्च करने का सुझाव दिया गया था। आर्थिक तंगी से सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता व साख पर आंच आई है।

## हुगली जिले में इस्तीफों की आंधी : बैद्यबाटी समेत श्रीरामपुर और कोन्नगर के चेयरमैनों ने दिया इस्तीफा



**हुगली, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद नगर निकायों में राजनीतिक हलचल लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को हुगली जिले की तीन प्रमुख नगरपालिकाओं-बैद्यबाटी, श्रीरामपुर और कोन्नगर-में बड़ा घटनाक्रम सामने आया। तीनों नगरपालिकाओं के चेयरमैनों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं, बैद्यबाटी नगरपालिका में तृणमूल कांग्रेस के 13 पार्षदों के सामूहिक इस्तीफे के बाद नगर बोर्ड भंग हो गया। बैद्यबाटी नगरपालिका के चेयरमैन पिंटू महतो, उपाध्यक्ष शांतनु कुमार दत्ता सहित कुल 13 पार्षदों ने पहले ईमेल के माध्यम से और बाद में अपने प्रतिनिधि के जरिए उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) को इस्तीफा सौंपा। 23 वार्डों वाली इस नगरपालिका में 13 पार्षदों के इस्तीफे के साथ ही बोर्ड का अस्तित्व समाप्त हो गया। इस्तीफे के बाद पिंटू महतो ने कहा कि नगरपालिका पिछले कई महीनों से गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही थी। कर्मचारियों के वेतन के भुगतान में लगातार कठिनाइयां आ रही थीं और नागरिकों को अपेक्षित सेवाएं उपलब्ध कराना भी मुश्किल हो गया था। उन्होंने कहा, बेहतर नागरिक सेवाएं देना हमारी प्राथमिकता और नगरपालिका की पहचान रही है। जब हम अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन नहीं कर पा रहे थे, तब नैतिक आधार पर पद छोड़ना ही उचित समझा।

उधर, श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा और उपाध्यक्ष उत्तम नाग ने गुरुवार देर शाम अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं, कोन्नगर नगरपालिका के चेयरमैन स्वपन कुमार दास ने भी अपने पद से त्यागपत्र सौंप दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका निर्णय किसी राजनीतिक दबाव का परिणाम नहीं, बल्कि नगरपालिकाओं की गंभीर वित्तीय स्थिति और प्रशासनिक कठिनाइयों को देखते हुए लिया गया है। तीनों नगरपालिकाओं में हुए इन इस्तीफों के बाद हुगली जिले की स्थानीय राजनीति और नगर प्रशासन में नई चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

## कुख्यात अपराधी कमल देव गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** बैंक, सर्राफा दुकानों और पेट्रोल पंपों में डकैती, रंगदारी तथा हत्या समेत कई संगीन मामलों में वांछित कुख्यात अपराधी कमल देव को रिसड़ा थाना पुलिस ने हावड़ा के लिलुआ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कमल देव हत्या, रंगदारी, डकैती और अन्य कई आपराधिक मामलों में आरोपी है। एक समय रिसड़ा के नूतनग्राम इलाके में उत्पल और कमल का आतंक माना जाता था। गुरुवार की देर रात रिसड़ा थाना प्रभारी परमेश्वर प्रामाणिक के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने हावड़ा के लिलुआ थाना क्षेत्र के जगदीशपुर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, गत 30 जून को रिसड़ा के बांगुर पार्क के पीछे स्थित नेल्को फैक्ट्री के पास कमल के नेतृत्व में 15 से 20 बदमाश हथियारों के साथ किसी आपराधिक वारदात की तैयारी कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि कमल समेत कुछ आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने बताया कि उस कार्रवाई में गिरफ्तार रोहित शर्मा से पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया था कि कमल ने उसे एक आग्नेयास्त्र और एक जिंदा कारतूस दिया था। इसके बाद पुलिस ने कमल की तलाश तेज कर दी और उसके संभावित ठिकानों पर लगातार निगरानी रखी। पुख्ता सूचना मिलने पर जगदीशपुर में अभियान चलाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को कमल देव को 10 दिन की पुलिस हिरासत की मांग के साथ श्रीरामपुर महकमा अदालत में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि हिरासत के दौरान उससे पूछताछ कर हथियार बरामद करने तथा फरार अन्य आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

## हाई कोर्ट ने अभिषेक बनर्जी को 15 जुलाई को आवाज का नमूना देने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी को निर्देश दिया कि वह विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर डराने-धमकाने वाले बयान देने के मामले में 15 जुलाई को न्यायिक मजिस्ट्रेट को अपनी आवाज का नमूना दें। अदालत ने अभिषेक बनर्जी द्वारा अपनी आवाज का नमूना देने में देरी पर अप्रसन्नता व्यक्त किया। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने चेतावनी दी कि वह इस मामले में कार्यवाही रद्द करने और सांसद को कठोर कार्रवाई से संरक्षण देने वाले आदेश को वापस लेने संबंधी उनकी याचिका पर सुनवाई समय से पहले कर सकते हैं। उच्च न्यायालय ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि क्षेत्राधिकार वाली अदालत या जांच एजेंसी के समक्ष बनर्जी के पेश होने के दौरान उन पर अंडे न फेंके जाएं, या किसी अन्य तरह से परेशान नहीं किया जाए। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने कहा कि भाषण मामले की जांच के सिलसिले में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपनी आवाज का नमूना देने के बिधाननगर अदालत के आदेश के खिलाफ बनर्जी की समीक्षा याचिका को, सांसद के वकील के अनुरोध पर ''वापस ले लिया गया मानते हुए खारिज'' किया गया। अदालत ने लोकसभा सदस्य को 15 जुलाई को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश होकर अपनी आवाज का नमूना रिकॉर्ड कराने का निर्देश दिया। उन्हें जांच में सहयोग करने और जांच अधिकारी द्वारा जारी नोटिस का पालन करने का निर्देश दिया गया, जैसा कि उच्च न्यायालय के 21 मई के उस आदेश में उल्लेख किया गया है जिसमें उन्हें कठोर कार्रवाई से राहत प्रदान की गई थी। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने कहा कि बनर्जी को डराने-धमकाने वाले भाषण के मामले में जांच एजेंसी के नोटिस का पालन करने और जांच में सहयोग करने की शर्त पर कठोर कार्रवाई से संरक्षण दिया गया है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि बनर्जी ने बिधाननगर अदालत के उस आदेश का पालन नहीं किया जिसमें उन्हें अपनी आवाज का नमूना देने के लिए कहा गया था, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने आदेश को चुनौती देने वाली सांसद की याचिका को खारिज करने और ''भारी जुर्माना'' लगाने की चेतावनी दी। सांसद की ओर से पेश हुए वकील ने अदालत को बताया कि बनर्जी स्वीकार करते हैं कि जिस भाषण पर सवाल उठाए गए हैं, उसमें उनकी ही आवाज थी। हालांकि, उन्होंने दलील दी कि तृणमूल नेता को निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने का संवैधानिक अधिकार है।

### गलत इलाज से पैर गंवाने का आरोप, अभिषेक समेत 11 के खिलाफ एफआईआर

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी समेत 11 लोगों के खिलाफ सेवाश्रय स्वास्थ्य शिविर मामले में एक नई पुलिस शिकायत दर्ज की गई है। महेशतला निवासी मालती विश्वास ने आरोप लगाया है कि सेवाश्रय स्वास्थ्य शिविर में उन्हें घुटने के दर्द के लिए गलत दवा दी गई, जिससे उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती गई। रवीन्द्रनगर थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, मालती विश्वास पहली बार घुटने के दर्द की शिकायत लेकर शिविर पहुंची थीं, जहां डाक्टरों ने दवा लिखकर दी। दवा लेने के बाद दर्द कम होने के बजाय बढ़ गया। दोबारा शिविर पहुंचने पर उनका इलाज करने के बजाय उन्हें एमआर बांगुर अस्पताल भेज दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि एमआर बांगुर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि गलत दवा के कारण उनकी स्थिति गंभीर हुई। इसके बाद, उन्हें नेशनल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन तब तक संक्रमण और बढ़ चुका था तथा चिकित्सकों को उनका दाहिना पैर काटना पड़ा। मालती विश्वास का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने सेवाश्रय शिविर के जिम्मेदार लोगों और अभिषेक बनर्जी से संपर्क कर जवाब मांगने की कोशिश की, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। बता दें कि सत्ता परिवर्तन के बाद सेवाश्रय स्वास्थ्य शिविरों से जुड़े कुल 17 शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं।

### पूर्व कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी की सुरक्षा में कटौती

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी की सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव किया गया है। सूत्रों के अनुसार, उन्हें पहले मिली वाइ प्लस श्रेणी की सुरक्षा अब घटाकर एक्स श्रेणी कर दी गई है। अधीर रंजन चौधरी को सांसद रहते हुए वाइ प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली थी। लोकसभा सदस्य रहने के दौरान उनके साथ पांच सुरक्षा कर्मी तैनात रहते थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी उनकी सुरक्षा पहले की तरह जारी रही थी, जिस पर उस समय विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाए थे। हालांकि, 2026 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद अधीर रंजन चौधरी फिलहाल न तो किसी निर्वाचित पद पर हैं और न ही प्रदेश कांग्रेस में कोई जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऐसे में सरकारी नियमों के तहत उनकी सुरक्षा श्रेणी की समीक्षा को स्वाभाविक माना जा रहा है। सुरक्षा में बदलाव के संबंध में पूछे जाने पर अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सुरक्षा कम हुई है या बढ़ी है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है। पहले भी कुछ सुरक्षा कर्मी थे और अभी भी हैं। मैंने कभी किसी से सुरक्षा नहीं मांगी। बाकी क्या फैसला हुआ है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा बढ़ाने या घटाने का उनकी ओर से किसी प्रकार का अनुरोध नहीं था।

### सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी, कोलकाता पुलिस के दो डीसी निलंबित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोशल मीडिया पर कथित विवादित टिप्पणी और वीडियो पोस्ट करने के आरोप में कोलकाता पुलिस के दो उपायुक्तों (डीसी) के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। लालबाजार मुख्यालय ने दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, डीसी नॉर्थ-3 विधान साहा और डीसी पोर्ट-2 पार्थ प्रतिम दास को निलंबित किया गया है। बताया गया है कि डीसी पोर्ट-2 पार्थ प्रतिम दास ने सोशल मीडिया पर एक कथित रूप से विवादित वीडियो पोस्ट किया था। इसी प्रकार के आरोप डीसी नॉर्थ-3 विधान साहा पर भी लगे हैं। लालबाजार सूत्रों का कहना है कि सोशल मीडिया पर की गई गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर मामले की समीक्षा की गई। इसके बाद, दोनों अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित करने का निर्णय लिया गया।

## पर्पल लाइन परियोजना में बड़ी उपलब्धि, टीबीएम 'दुर्गा' ने विक्टोरिया मेट्रो स्टेशन पर किया टनल ब्रेकथ्रू

**✒ खिदिरपुर से विक्टोरिया तक अंडरग्राउंड टनलिंग का काम पूरा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो के पर्पल लाइन (जोका-एस्प्लेनेड मेट्रो कॉरिडोर) परियोजना में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) 'दुर्गा' ने खिदिरपुर से खुदाई करते हुए विक्टोरिया मेट्रो स्टेशन पर सफलतापूर्वक ब्रेकथ्रू किया। यह ऐतिहासिक कार्य सुबह करीब 10:30 बजे पूरा हुआ। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे कोलकाता के महाप्रबंधक प्रेम सागर गुप्ता, नेपाल के महावाणिज्य दूत, कोलकाता नगर निगम के आयुक्त, हावड़ा के पुलिस आयुक्त, मेट्रो रेलवे, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल), एलएंडटी तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पर्पल लाइन परियोजना के तहत जोका से तारातला तक पहले चरण में ट्रायल सेवा शुरू की जा चुकी है। इसके बाद तारातला से माझेरहाट तक भी ट्रायल रन शुरू किया गया। परियोजना के अगले चरण में माझेरहाट से खिदिरपुर तक एलिवेटेड वायडक्ट के माध्यम से और खिदिरपुर से एस्प्लेनेड तक अडरग्राउंड भूमिगत मेट्रो लाइन विकसित की जा रही है। खिदिरपुर से अंडरग्राउंड टनलिंग का कार्य जुलाई 2025 में शुरू किया गया था। इसी के तहत 'दुर्गा' नामक टीबीएम को लॉन्च किया गया था, जिसने करीब 12 महीने तक लगातार टनल निर्माण कार्य करते हुए विक्टोरिया स्टेशन तक पहुंचकर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। सितंबर 2025 में दूसरी सुरंग के निर्माण के लिए एक अन्य ढइच् 'दिव्या' को भी लॉन्च किया गया था, जो समानांतर टनलिंग कार्य को आगे बढ़ा रही है। विक्टोरिया स्टेशन तक पहुंचने के बाद टीबीएम दुर्गा का टनलिंग कार्य पार्क स्ट्रीट की दिशा में जारी रहेगा। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक प्रेम सागर गुप्ता ने इस अवसर पर परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुरक्षित, व्यवस्थित और उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण कार्य के साथ यह उपलब्धि टीमवर्क और बेहतर इंजीनियरिंग योजना का परिणाम है। यह परियोजना आरवीएनएल द्वारा मेट्रो रेलवे कोलकाता के लिए क्रियान्वित की जा रही है। पर्पल लाइन परियोजना के एस्प्लेनेड तक पूरे होने की उम्मीद अगले तीन वर्षों में है।

## 'धैर्य की परीक्षा न लें', अवैध निर्माण मामले में हाई कोर्ट ने डीएम को लगाई फटकार



**कोलकाता, समाज्ञा :** अवैध निर्माण और अतिक्रमण के एक मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने उत्तर 24 परगना के जिलाधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए 23 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई में उन्हें शपथपत्र के साथ विस्तृत रिपोर्ट दाखिल कर यह बताना होगा कि अब तक क्या कार्रवाई की गई। यह मामला वीआइपी रोड से उल्टाडांगा तक अवैध निर्माण और कब्जे को लेकर दायर जनहित याचिका से जुड़ा है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तपोब्रत चक्रवर्ती की खंडपीठ ने जिलाधिकारी द्वारा बार-बार अधूरी और अस्पष्ट रिपोर्ट दाखिल करने पर नाराजगी जताई। अदालत ने सवाल उठाया कि एक ग्रुप-डी कर्मचारी के जरिए रिपोर्ट क्यों दाखिल की जा रही है और क्या जिलाधिकारी खुद को खंडपीठ से ऊपर समझते हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि ऐसा प्रतीत होता है मानो निर्देशों की जानबूझकर अवहेलना की जा रही है। न्यायमूर्ति पार्थसारथी चटर्जी ने भी पूछा कि क्या अधिकारी इतने व्यस्त हैं कि सही तरीके से जवाब नहीं दे पा रहे। याचिकाकर्ता अर्धेंदु नाग ने आरोप लगाया है कि सड़क किनारे अवैध पार्किंग स्थल और विवाह भवन बनाए गए हैं, साथ ही जलनिकासी नालों को पाटकर निर्माण किया गया है। अदालत ने चेतावनी दी कि अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## स्वास्थ्य मंत्री के निरीक्षण के दौरान बारासात अस्पताल के बरामदे में घूमती दिखी बिल्ली, 12 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के निरीक्षण के दौरान बारासात मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन ने 12 अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्री के निरीक्षण के दौरान अस्पताल के बरामदे में बिल्ली घूमती हुई दिखाई दी। इसके अलावा, अस्पताल में साफ-सफाई और रखरखाव से जुड़ी कई अन्य अनियमितताएं भी अधिकारियों की नजर में आईं। निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। जिन 12 अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है, उनमें चार वार्ड मास्टर, चार नॉन-मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, एक संक्रमण नियंत्रण (इन्फेक्शन) प्रभारी सिस्टर, प्रसूति विभाग की दो सिस्टर-इन-चार्ज तथा एक फैसिलिटी क्वालिटी मैनेजर शामिल हैं।

### प्रेम संबंध के बाद नाबालिग की मौत पर बनगांव में भड़की हिंसा, सात पुलिस कर्मी घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बनगांव के गोपीनाथपुर इलाके में एक नाबालिग छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या के बाद तनाव हिंसा में बदल गया। विरोध मार्च के दौरान कई घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर उस पर भी हमला किया गया, जिसमें दो अधिकारियों सहित सात पुलिस कर्मी घायल हो गए। मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और इलाके में केंद्रीय बल की तैनाती के साथ पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। कुछ दिन पहले गोपालनगर थाना क्षेत्र में आठवीं कक्षा की एक छात्रा का शव मिला था। इसके बाद, परिजनों की शिकायत पर एक दूसरे समुदाय के युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। परिवार का आरोप है कि युवक ने छात्रा के साथ प्रेम संबंध बनाया और संबंध समाप्त करने की कोशिश करने पर उसे धमकाया, जिससे वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गई। युवक की गिरफ्तारी के बाद कुछ हिंदू संगठनों ने इसे 'लव जिहाद' का मामला बताते हुए विरोध शुरू किया। गुरुवार को सनातनी एक्य मंच की ओर से छात्रा की स्मृति में सभा और विरोध मार्च आयोजित किया गया। आरोप है कि मार्च के दौरान सैकड़ों लोगों ने लाठी-डंडों के साथ तीन घरों और तीन दुकानों में तोड़फोड़ की। स्थिति नियंत्रित करने पहुंची पुलिस पर भी भीड़ ने हमला कर दिया। पुलिस ने हिंसा और सरकारी कर्मचारियों पर हमले के आरोप में कई लोगों को हिरासत में लिया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 11 जुलाई, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ कृष्णपक्ष द्वादशी, 26:02 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 11:00 तक, योग : गांदा, 24:00 तक, सूर्योदयः 04:59, सूर्यास्तः 18:24, चन्द्रोदय : 01:57, चन्द्रास्तः 16:00, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 09:00 से 10:39

## राशिफल

**मेष :** आज आपके लिए मेहनत का फल मिलने का दिन है। रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। कार्यक्षेत्र में प्रगति कुछ लोगों को खटक सकती है।

**वृष :** भाग्य आज आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। नौकरी में प्रमोशन या कोई अच्छी खबर मिल सकती है। व्यापार में नए अवसर और नई साझेदारी लाभ दिला सकती है।

**मिथुन :** आज आमदनी के नए रास्ते खुल सकते हैं, लेकिन खर्चों पर भी नजर रखना जरूरी होगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। परिवार में किसी शुभ कार्य की तैयारी शुरू हो सकती है।

**कर्क :** आज का दिन कई सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। धन और संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ मिलने के संकेत हैं। यदि कोई कानूनी मामला चल रहा है तो सतर्कता से आगे बढ़ें।

**सिंह :** आज आपका आत्मविश्वास और ऊर्जा दोनों चरम पर रहेंगे। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। व्यापार में भी कोई बड़ा और लाभदायक बदलाव संभव है।

**कन्या :** आज सोच-समझकर लिया गया हर फैसला आपके पक्ष में जाएगा। शिक्षा और करियर में सफलता के योग बन रहे हैं। संपत्ति से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण फैसला भी आपके पक्ष में हो सकता है।

**तुला :** लंबे समय से रुके हुए काम आज पूरे होने की संभावना है। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। मन की कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है जिससे दिन यादगार बन जाएगा।

**वृश्चिक :** आज आपका अनुभव आपको सफलता की ओर ले जाएगा। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के नए अवसर मिलेंगे। संतान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है।

**धनु :** आज व्यापार और निवेश दोनों में लाभ मिलने के अच्छे संकेत हैं। नई योजनाएं भविष्य में बड़ा फायदा दे सकती हैं। परिवार के साथ तालमेल बनाए रखें और जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

**मकर :** आज व्यस्तता ज्यादा रहेगी, लेकिन मेहनत रंग भी लाएगी। व्यापार के रुके हुए काम पूरे होंगे। परिवार के साथ खुशियां बांटने का मौका मिलेगा और किसी की मदद करके मन को संतोष मिलेगा।

**कुम्भ :** आज सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के योग हैं। कार्यक्षेत्र में मनचाहा काम मिलने से उत्साह बना रहेगा। ससुराल पक्ष से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मीन :** आज का दिन खुशियों और नए अवसरों से भरा रहेगा। आपकी मीठी वाणी लोगों को प्रभावित करेगी। परिवार में विवाह से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

## वर्ग पहेली नं. 3489



*बायें से दायें :-* 1) प्रशंसनीय, 4) पत्नी की भाभी, 7) अपेक्षतः कम मूल्य का, 8) नींद में दिखाई देनेवाली घटनाएँ, 10) बोझिल, 11) मूल्य; रेट, 12) अंजाम; सीमा, 13) नमीयुक्त, 15) दृश्य; संसार, 17) मनगढ़ंत, 19) दयालु, 20) छागल, 21) जख्म का घुरंड; परत, 23) उचित, 26) खंदक, 27) उँह; ना ना ना, 28) निष्ठावान; कृतज्ञ.

*ऊपर से नीचे :-* 1) सदस्य, 2) मुकरना; खिसकना, 3) अपरिवर्तित, 4) गमख़ार; सहिष्णु, 5) लालसा, 6) मटमैले रंग की एक धातु, 9) बुरकापोश, 12) यमराज, 14) एक बंगाली मिठाई, 15) धूप, 16) अष्टपाद जालकीट, 17) अवयस्क, 18) पक्षाघात, 22) शरण, 24) जैनों के तीर्थंकर; एक मादक पेय; भूत-प्रेत, 25) रासायनिक विस्फोटक गोला, 26) त्वचा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | द | म | ■ | ब | द | बू | दा | र | ■ |
| ■ | बै | ल | ■ | च्वी | ■ | झ | | त | क |
| बा | ल | बा | ल | ■ | स | ना | ह | ■ | ल |
| क़ा | ■ | ■ | र | ■ | मू | ■ | ठ | स | क |
| य | म | ■ | ज | ना | चा | र | ■ | फ | ल |
| दा | ह | ■ | ना | म | ■ | ट | क्क | र | ■ |
| ■ | फ़ि | दा | ■ | व | र | ना | ■ | ना | का |
| आ | ल | म | गी | र | ■ | ■ | बी | मा | र |
| यु | ■ | न | त | ■ | श | त्रु | ता | ■ | ण |

## सुडोकू-पहेली-3455

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | 2 | 5 | | | |
| | | 9 | | | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 4 | | 8 | | | | | 1 | |
| | | | | 1 | 3 | 6 | | |
| 9 | | 3 | 4 | 8 | | | 5 | |
| | 1 | | | 6 | | 4 | | 7 |
| | 9 | | 7 | | | | | 1 |
| 1 | 7 | | 6 | | 2 | | | 9 |
| | | 2 | 9 | | | 3 | | 6 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3454 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 1 | 7 | 5 | 9 | 8 | 3 |
| 5 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 8 | 9 | 4 |

शनिवार, 11 जुलाई 2026

**मौसम**

तापमान 27 – 31
आर्द्रता 86%
सूर्योदय: 04:59 सूर्यास्त: 18:24

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा



पहाड़ी राज्यों में बारिश का कहर, भूस्खलन से राजमार्ग बंद पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : छोटे कदम, बड़ी मंजिल की ओर यह प्रयास आपको आगे बढ़ाता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# मैं ममता की तरह 'कमजोर और डरपोक' मुख्यमंत्री नहीं हूं : शुभेंदु अधिकारी



**मुर्शिदाबाद :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि वह ममता बनर्जी की तरह 'कमजोर और डरपोक' मुख्यमंत्री नहीं हैं। उन्होंने जोर दिया कि वह निर्वाचित प्रतिनिधियों की ऐसी गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे जिनसे सांप्रदायिक तनाव भड़क सकता है। दरअसल, शुभेंदु अधिकारी आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के प्रमुख और विधायक हुमायूं कबीर का जिक्र कर रहे थे, जिन्होंने हाल ही में कुछ 'भड़काऊ' टिप्पणियां की थीं। इस दिन, मुर्शिदाबाद जिले की रेजिनगर सीट पर होने वाले उपचुनाव से पहले भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए शुभेंदु ने टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को 'कमजोर और डरपोक' करार देते हुए कहा कि ऐसे 'गैर-जिम्मेदाराना कृत्यों' के प्रति उनकी प्रतिक्रिया बिल्कुल विपरीत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गलतफहमी में न रहें, मैं ममता की तरह कमजोर और डरपोक मुख्यमंत्री नहीं हूं। मैं निर्वाचित प्रतिनिधियों की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं करूंगा। मैंने स्थानीय विधायक से कहा है कि वे देश के संविधान को ध्यान में रखते हुए सोच-समझकर शब्द चुनें। अधिकारी ने कहा कि रेजिनगर में उपचुनाव अगले 30 से 45 दिनों में होंगे। इस इलाके में लंबे समय से चली आ रही हिंदू-मुस्लिम राजनीति के बजाय, हम यहां के मतदाताओं की जो भी मांगें होंगी, उन्हें पूरा करते हुए विकास लाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने सीएए (संशोधित नागरिकता कानून)-एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) और वक्फ अधिनियम जैसे मुद्दों के विरोध के नाम पर पूरे मुर्शिदाबाद में हिंसा भड़काई, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को लगातार परेशानियों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

### सोमवार से लागू होंगे राज्य में दो नए जन सुरक्षा कानून

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल ने हाल ही में विधानसभा से पारित पश्चिम बंगाल लोक सुरक्षा एवं असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण विधेयक, 2026 तथा पश्चिम बंगाल लोक व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि दोनों विधेयक सोमवार से राज्य में कानून के रूप में लागू हो जाएंगे।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार करने के लिए उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपना काम शुरू कर दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि समिति अपनी रिपोर्ट जल्द ही सरकार को सौंपेगी, जिसके बाद इसे विधानसभा में पेश किया जाएगा।

# 'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था 2029 तक लागू होने की संभावना: संयुक्त समिति प्रमुख



**पणजी :** एक देश, एक चुनाव' संबंधी संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 की समीक्षा कर रही संसद की संयुक्त समिति वर्ष 2029 के आम चुनाव तक इस व्यवस्था को लागू करने की दिशा में काम कर रही है। समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने शुक्रवार को गोवा में यह जानकारी दी।गोवा में समिति की दो दिवसीय बैठक के दौरान चौधरी ने कहा कि अब तक विभिन्न राज्यों में संवैधानिक विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, नागरिक संगठनों और अन्य हितधारकों से व्यापक चर्चा की गई है। उन्होंने दावा किया कि लगभग 99 प्रतिशत पक्षकारों ने 'एक देश, एक चुनाव' के प्रस्ताव का समर्थन किया है। उनके अनुसार, बार-बार चुनाव होने से देश को करीब सात लाख करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान होता है, जिसे इस व्यवस्था से कम किया जा सकता है।समिति ने गोवा में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों से भी चर्चा की। बैठक में एक साथ चुनाव कराने की संवैधानिक, प्रशासनिक और व्यावहारिक चुनौतियों तथा उनके समाधान पर विचार-विमर्श हुआ।चौधरी ने बताया कि समिति गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली सहित कई राज्यों का दौरा कर चुकी है। विभिन्न पक्षों से मिले सुझावों के आधार पर समिति अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों की सहमति और आवश्यक संवैधानिक प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए 2029 तक इस चुनावी सुधार को लागू करने का प्रयास किया जा रहा है।




### राष्ट्र गीत और राष्ट्रगान गाते समय सही शब्दों और शुद्ध उच्चारण का सख्ती से पालन करें: गृह मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान गाते या बजाते समय उनके सही आलेख/पाठ, सही लिपि तथा शुद्ध उच्चारण का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। मंत्रालय ने सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों और राज्यपालों के कार्यालयों को जारी एक नये आदेश में राष्ट्र गीत और राष्ट्रगान गाते या बजाने के संबंध में नियमों को दोहराया है। मंत्रालय ने कहा कि उसके आदेशों में उन सभी अवसरों की विस्तृत सूची दी गई है, जिन पर भारत का राष्ट्र गीत और राष्ट्रगान ''गाया या बजाया जाएगा'' तथा उन अवसरों का भी उल्लेख है, जब इन्हें ''गाया या बजाया जा सकता है।''

# भारतीय मूल के नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन 14 जुलाई को अंतरिक्ष के लिए होंगे रवाना



**वाशिंगटन :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन 14 जुलाई को कजाखस्तान स्थित बैकानूर कॉस्मोड्रोम (अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल) से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आठ महीने के मिशन पर रवाना होंगे। मिनियापोलिस में यूक्रेनी और भारतीय प्रवासी माता-पिता के घर जन्मे मेनन आपातकालीन चिकित्सा के चिकित्सक और अमेरिकी अंतरिक्ष बल में कर्नल हैं। अमेरिकी वायुसेना में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने 'ऑपरेशन एंड्यूरिंग फ्रीडम' के तहत अफगानिस्तान में अग्रिम मोर्चे पर सेवा दी। इसके अलावा उन्होंने 'हिमालयन रेस्क्यू एसोसिएशन' के साथ भी काम किया, जहां वह माउंट एवरेस्ट पर पर्वतारोहियों का इलाज करते थे। मेनन (49) भारत में भी एक वर्ष तक 'रोटरी एंबेसडोरियल स्कॉलर' के रूप में रहे, जहां उन्होंने पोलियो टीकाकरण अभियान के अध्ययन और समर्थन का कार्य किया। वह रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के सोयुज एमएस-29 अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा करेंगे। इस मिशन में उनके साथ रूसी अंतरिक्ष यात्री अन्ना किकिना और प्योत्र दुब्रोव भी होंगे। मेनन ने 2014 में नासा में फ्लाइट सर्जन के रूप में अपना करियर शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहने और काम करने वाले अंतरिक्ष यात्रियों के साथ काम किया। वह 2018 में स्पेसएक्स से जुड़े, जहां उन्होंने कंपनी के मेडिकल कार्यक्रम की शुरुआत की।

# प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा के आखिरी चरण में न्यूजीलैंड पहुँचे



**ऑकलैंड :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के आखिरी चरण में शुक्रवार को न्यूज़ीलैंड पहुँचे। इस दौरान वह अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन के साथ बातचीत करेंगे और भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। यह 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड की पहली यात्रा है। हवाई अड्डे पर लक्सन ने मोदी का स्वागत किया और दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से गले मिलकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कुछ देर पहले ऑकलैंड पहुँचा। हवाई अड्डे पर स्वागत के लिए प्रधानमंत्री लक्सन का आभारी हूँ।'' उन्होंने कहा, यह यात्रा ऐतिहासिक है, क्योंकि चार दशकों में किसी प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड की यह पहली यात्रा है। मैं प्रधानमंत्री लक्सन के साथ बातचीत करने और भारत-न्यूजीलैंड मित्रता के सभी पहलुओं पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूँ। मैं ऑकलैंड में एक सामुदायिक कार्यक्रम को भी संबोधित करूँगा।

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद से सोनीपत तक 89 किलोमीटर का सफर दो घंटे में तय करेगी



**नयी दिल्ली :** देश में हाइड्रोजन से चलने वाली पहली ट्रेन जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर की दूरी दो घंटे में तय करेगी और रास्ते में 12 स्टेशनों पर रुकेगी। इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे बोर्ड की ओर से उत्तर रेलवे को 8 जुलाई को जारी एक आधिकारिक संदेश के अनुसार, हाइड्रोजन ट्रेन नंबर 74010 अपनी नियमित के दौरान सुबह 7.40 बजे जींद रेलवे स्टेशन से रवाना होगी और सुबह 9.40 बजे सोनीपत पहुँचेगी। इसमें कहा गया कि ट्रेन बीच में पड़ने वाले 12 स्टेशनों पर रुकेगी, जिनमें जींद सिटी, पांडु पिंडारा, ललित खेड़ा, भम्बेवा, ईशापुर खेड़ी, बुटाना, खंदराई, गोहाना, रभड़ा, लाठ, मोहना और बड़वासनी शामिल हैं। वापसी की यात्रा में, ट्रेन नंबर 74009 सोनीपत से सुबह 10.40 बजे चलेगी और दोपहर 1.00 बजे जींद पहुँचेगी। रास्ते में यह संबंधित स्टेशनों पर रुकेगी। रेलवे बोर्ड ने उत्तर रेलवे को निर्देश दिया है कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने के बाद देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन सेवा जल्द से जल्द शुरू की जाए। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, '' यह ट्रेन 17 जुलाई को एक विशेष उद्घाटन सेवा के तौर पर चलेगी। नियमित यात्री सेवा शुरू होने की तारीख अभी तय नहीं हुई है। हमने उत्तर रेलवे से कहा है कि वह जल्द से जल्द तारीख निर्धारित करे और हमें इसकी जानकारी दे।''

### दो दिन बाद ईरान-अमेरिका ने हमले रोके; इजराइल ने लेबनान पर ड्रोन अटैक किए

**ट्रम्प बोले- ईरान ने बातचीत जारी रखने की मांग की**

**दुबई :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि ईरान ने बातचीत जारी रखने की इच्छा जताई है और अमेरिका इसके लिए तैयार हो गया है। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच हुआ सीजफायर अब खत्म हो चुका है।ईरान और अमेरिका के बीच दो दिनों तक चली सैन्य कार्रवाई के बाद फिलहाल गोलीबारी थम गई है। अल जजीरा के मुताबिक, अब मध्यस्थता कर रहे देश दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक बातचीत फिर शुरू कराने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि तनाव और न बढ़े। वहीं, लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी (के मुताबिक, इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के नबातियेह प्रांत में दो और ड्रोन हमले किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक हमला कफर रेमान और दूसरा नबातियेह अल-फौका कस्बे में हुआ। फिलहाल किसी के हताहत होने की भी खबर नहीं है।

### राम मंदिर चढ़ावा गबन मामले की जांच के बीच आधे से अधिक गणनाकर्मियों ने दिया इस्तीफा

**जांच संबंधी याचिकाओं पर 13 जुलाई को सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की जांच के बीच चढ़ावे की गणना करने वाले आधे से अधिक कर्मियों ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इसके बाद गणनाकर्मियों की संख्या घटकर करीब एक दर्जन रह गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सूत्रों के अनुसार, कथित गबन का मामला सामने आने के बाद जांच के डर से पहले ही चढ़ावे की गणना करने वाले केंद्र में कर्मचारियों की उपस्थिति कम हो गई थी। लगभग 40 गणनाकर्मियों में से केवल 15-20 ही नियमित रूप से ड्यूटी पर आ रहे थे। सूत्रों ने बताया कि अब गणना कार्य से जुड़े लगभग 20 कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों का कहना है कि कथित चोरी का मामला सामने आने के बाद चढ़ावे की गणना की प्रक्रिया अधिक समय लेने वाली हो गई है, जिससे काम का बोझ बढ़ गया है। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि पहले दो पालियों में होने वाला गणना कार्य अब एक ही पाली में कराया जा रहा है,



# निजी स्कूलों को यूडाइस प्लस पर डाटा अपलोड करने का आदेश

## नियमों की अनदेखी पर शो-कॉज नोटिस और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकार ने राज्य के निजी स्कूलों के एक वर्ग के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। पश्चिम बंगाल समग्र शिक्षा मिशन ने निर्देश जारी कर कहा है कि सभी मान्यता प्राप्त निजी और गैर-सरकारी स्कूलों को यूडाइस प्लस पोर्टल पर विद्यार्थियों और स्कूल से जुड़ी पूरी तथा सही जानकारी अपलोड करनी होगी। ऐसा नहीं करने वाले स्कूलों को पहले शो-कॉज नोटिस दिया जाएगा और लगातार नियमों की अनदेखी करने पर जुर्माना सहित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस संबंध में राज्य के सभी जिलाधिकारियों को विस्तृत निर्देश भेजे गए हैं। मिशन ने कहा है कि



यूडाइस प्लस देश का सबसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक डेटा आधार है, जिसके आधार पर सकल नामांकन अनुपात (जीईआर), शुद्ध नामांकन अनुपात (एनईआर), छात्रों के स्कूल में बने रहने की दर और ड्रापआउट दर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां तैयार की जाती हैं।

निजी स्कूलों की ओर से सही जानकारी नहीं देने के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस डेटा से बाहर रह जाते हैं, जिससे शिक्षा क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का आकलन प्रभावित होता है और सरकारी योजनाओं व नीतियों के निर्माण में भी कठिनाई आती है। निर्देश में वर्ष 2009 के बच्चों का नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार कानून की धारा 12(3) का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि सभी मान्यता प्राप्त स्कूल संबंधित प्राधिकरण द्वारा मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं। यदि बार-बार संपर्क करने के बाद भी कोई स्कूल जानकारी अपलोड नहीं करता या गलत एवं भ्रामक जानकारी देता है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। समग्र शिक्षा मिशन ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों और जिलाधिकारियों से इस पूरी प्रक्रिया की व्यक्तिगत निगरानी करने को कहा है, ताकि प्रत्येक निजी और गैर-सरकारी स्कूल निर्धारित समय सीमा के भीतर सही और पूर्ण डेटा पोर्टल पर उपलब्ध कराए।

### स्कूल यूनिफॉर्म सर्वे रिपोर्ट जमा करने की समयसीमा तय, 18 जुलाई तक पूरी होगी प्रक्रिया

राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में छात्रों को स्कूल यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने जिलों के लिए नई समयसीमा तय कर दी है। विभाग ने निर्देश दिया है कि वर्ष 2026 की स्कूल यूनिफॉर्म परियोजना का अंतिम कार्यादेश 18 जुलाई तक पूरा कर लिया जाए। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को भेजे गए निर्देश में कहा है कि पूरी प्रक्रिया राज्य सरकार के 'बांग्लार शिक्षा' पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाएगी। जिलों द्वारा अंतिम कार्यादेश पोर्टल पर जमा करने के बाद ही छात्रों के यूनिफॉर्म की माप दर्ज करने का विकल्प सक्रिय होगा। बता दें कि इससे पहले विभाग ने जिला स्तर पर स्कूल निरीक्षकों को 2022 से पहले विभिन्न स्कूलों में प्रचलित यूनिफॉर्म के रंग और स्वरूप का ब्योरा जुटाने का निर्देश दिया था। इसका उद्देश्य 2027 शैक्षणिक सत्र के लिए यह तय करना है कि किन विद्यालयों में किस रंग के कपड़े की आवश्यकता होगी और रंगों की विविधता कैसी रहेगी। निर्देश के अनुसार, सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों से जानकारी एकत्र कर उसका सत्यापन किया जाएगा। पहले यह रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर जमा करने को कहा गया था। अब विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि यह पूरी प्रक्रिया 18 जुलाई तक हर हाल में पूरी कर ली जाए।

## कॉलेज के यूनियन रूम से मिला आपत्तिजनक सामान और नशे का सामान

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर स्थित एपीसी कॉलेज के यूनियन रूम का ताला खुलने पर आपत्तिजनक सामान मिलने से हड़कंप मच गया। कमरे के भीतर इस्तेमाल किए गए कंडोम के पैकेट, शराब और कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलें, लाठियां तथा अन्य सामान बरामद हुआ। इस घटना के बाद कॉलेज परिसर में यूनियन रूम के दुरुपयोग को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, छात्रसंघ चुनाव नहीं होने के कारण 2025 में हाई कोर्ट के निर्देश पर राज्य के सभी कॉलेजों के यूनियन रूम सील कर दिए गए थे। हाल ही में, उच्च शिक्षा विभाग ने तय प्रक्रिया के तहत सभी यूनियन रूम खोलने का निर्देश दिया। इसी प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को एपीसी कॉलेज का यूनियन रूम खोला गया, जहां बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामान मिला। इसके बाद, छात्रों ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन के दौरान टीएमसीपी कार्यकर्ताओं का यूनियन रूम पर कब्जा था और अन्य छात्रों को वहां जाने नहीं दिया जाता था। छात्रों का कहना है कि अब सामने आए सामान की जिम्मेदारी टीएमसीपी को लेनी चाहिए। घटना से कॉलेज के पूर्व छात्र भी नाराज हैं। उन्होंने दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## भारत में सबसे तेज रहा अमेजन का 10वां प्राइम डे

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में अमेजन इंडिया का 10वां प्राइम डे संस्करण अब तक का सबसे तेज़ और सफल प्राइम डे साबित हुआ। अमेजन नाउ सेवा वाले शहरों में डील के तहत खरीदे गए हर दो उत्पादों में से एक की डिलीवरी कुछ ही मिनटों में की गई, जबकि पिछले वर्ष की तुलना में सेम-डे डिलीवरी तीन गुना से अधिक बढ़ी। प्राइम मेंबरशिप के 70 प्रतिशत से अधिक नए सदस्य टियर-2 और टियर-3 शहरों से जुड़े। इस बार छोटे और मध्यम कारोबारियों (एसएमबी) की रिकॉर्ड भागीदारी रही और बड़ी संख्या में विक्रेताओं ने 10 लाख रुपये से अधिक की बिक्री दर्ज की। भुगतान के लिए लगभग हर दूसरे ग्राहक ने अमेजन पे का उपयोग किया, जबकि अमेजन पे लेटर का उपयोग सालाना आधार पर 2.5 गुना बढ़ा। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (प्राइम एंड कस्टमर फुलफिलमेंट एक्सपीरियंस, इंडिया एंड इमर्जिंग कंट्रीज) अक्षय साही ने कहा कि प्राइम डे ग्राहकों के लिए बचत, तेज डिलीवरी, बेहतरीन डील्स, नए लॉन्च और मनोरंजन का सबसे बड़ा उत्सव बन चुका है। उन्होंने कहा कि 10वां संस्करण कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**Name Change**

It is for general information that I, Subhajit Das S/o Ravinder Nath R/o Bidhan Park, Block- D, Jora Mandir, Barasat, Barasat (m), North 24 Parganas, West Bengal - 700124, declare that name of my father has been wrongly written as Rabi Das in my 10th and 12th Class School Certificate cum Marksheet, Pan Card No.- BMGPD7646L and Passport No.- AI194295. The actual name of my father is Ravinder Nath, which may be amended accordingly.

## बरिसा हाई स्कूल में बड़ाबाजार श्री दहमी माता प्रचार समिति के अत्याधुनिक वाटर कूलर का लोकार्पण



**कोलकाता, समाज्ञा :** बेहाला स्थित बरिसा हाई स्कूल में बड़ाबाजार श्री दहमी माता प्रचार समिति द्वारा 47वें अत्याधुनिक वाटर कूलर का लोकार्पण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्व. बिहारी लाल गुप्ता एवं स्व. गुलाबी देवी गुप्ता की पुण्य स्मृति में शांति देवी गुप्ता के सौजन्य से स्थापित इस वाटर कूलर से विद्यालय के लगभग 2000 छात्र-छात्राओं को वर्षभर स्वच्छ एवं शीतल पेयजल का लाभ मिलेगा। वाटर कूलर का उद्घाटन दीपक गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मोहन बागान के पूर्व खिलाड़ी सोमेन मुखर्जी, मंजू गुप्ता एवं परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति की ओर से सचिव ललित खेमका ने बताया कि यह संस्था द्वारा स्थापित 47वीं वाटर कूलर मशीन है। उन्होंने कहा कि समिति आगे भी ऐसे जनहित एवं समाजसेवा के कार्य निरंतर करती रहेगी, ताकि अधिक से अधिक लोग समाजहित के कार्यों के लिए प्रेरित हों।

# उच्च माध्यमिक की तरह अब माध्यमिक परीक्षा में भी सेमेस्टर सिस्टम

## परीक्षार्थी की उम्र और जन्म की तारीख पर भी सख्ती

### 2028 की माध्यमिक परीक्षा के लिए बोर्ड का नया नियम

**कोलकाता, समाज्ञा :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2028 की माध्यमिक परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किया है। वर्ष 2028 से राज्य में माध्यमिक परीक्षा की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। अब तक लागू वार्षिक परीक्षा प्रणाली को समाप्त कर उच्च माध्यमिक की तर्ज पर सेमेस्टर प्रणाली लागू की जाएगी। इसी नई व्यवस्था के साथ बोर्ड ने परीक्षार्थियों की आयु और जन्मतिथि को लेकर भी सख्त नियम निर्धारित किए हैं।

बोर्ड की नई अधिसूचना के अनुसार, जिन विद्यार्थियों का जन्म 31 अक्टूबर 2013 के बाद हुआ है, वे वर्ष 2028 की माध्यमिक परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद जन्म लेने वाले किसी भी विद्यार्थी का पंजीकरण वैध नहीं माना जाएगा। गुरुवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य का कोई भी विद्यालय 31 अक्टूबर 2013 के बाद जन्मे विद्यार्थियों का पंजीकरण फॉर्म स्वीकार नहीं करेगा। अर्थात वर्ष 2028 की माध्यमिक परीक्षा में बैठने के लिए परीक्षार्थी का जन्म 31 अक्टूबर 2013 या उससे पहले होना अनिवार्य होगा।

बोर्ड के इस निर्णय के बाद शिक्षा विभाग ने भी सभी विद्यालयों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। प्रधानाध्यापकों और प्रधानाध्यापिकाओं से कहा गया है कि पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक छात्र-छात्रा की जन्मतिथि का दस्तावेजों के आधार पर सावधानीपूर्वक सत्यापन किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की पहले से जांच कर लें, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया बिना किसी बाधा के पूरी हो सके। बोर्ड का मानना है कि नई सेमेस्टर प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पात्रता संबंधी नियमों का सख्ती से पालन करना आवश्यक है।

## पहली छमाही में कोलकाता के आवास बाजार में स्थिर रही मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** नाइट फ्रैंक इंडिया की जनवरी-जून 2026 रिपोर्ट के अनुसार, नई परियोजनाओं की सीमित शुरुआत के बावजूद वर्ष 2026 की पहली छमाही में कोलकाता का आवासीय बाजार स्थिर रहा। आवासीय बिक्री तीन प्रतिशत बढ़कर 8,368 इकाई पहुंच गई, जबकि नई परियोजनाओं की शुरुआत पांच प्रतिशत घटकर 7,316 इकाई रही। चुनाव अवधि के कारण नई परियोजनाओं की घोषणा में अस्थायी सुस्ती देखी गई। आवासीय संपत्तियों की औसत कीमत पांच प्रतिशत बढ़कर 5,942 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई, जबकि अविक्रीत आवास घटकर 18,578 इकाई के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गए। रिपोर्ट में कहा गया कि कार्यालय क्षेत्र में लीजिंग गतिविधि में कमी आई, लेकिन किराये में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नाइट फ्रैंक इंडिया के वरिष्ठ निदेशक जॉयदीप पॉल ने कहा कि ग्रेड ए कार्यालय परिसरों की मजबूत मांग और सीमित उपलब्धता के कारण आने वाले समय में बाजार को गति मिलने की उम्मीद है।

## चॉइस इंटरनेशनल और एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज में रणनीतिक साझेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** वित्तीय सेवा समूह चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड ने दक्षिण कोरिया की प्रमुख वित्तीय संस्था एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज कंपनी लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस समझौते के तहत एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज ने चॉइस की ब्रोकिंग एवं वेल्थ मैनेजमेंट इकाई चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड में 900 करोड़ रुपये (9,000 मिलियन रुपये) का निवेश किया है। कंपनी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में अपने ब्रोकिंग और वितरण कारोबार का पांच गुना विस्तार करना, डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करना तथा संस्थागत कारोबार का विस्तार करना है। चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यकारी निदेशक अरुण पोद्दार ने कहा कि यह निवेश कंपनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण, कारोबारी मॉडल और विकास क्षमता पर वैश्विक वित्तीय संस्थान के भरोसे का प्रतीक है।

## फाइब ने 750 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नई दिल्ली, समाज्ञा :** डिजिटल उपभोक्ता वित्त मंच सोशल वर्थ टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (फाइब) ने अपने प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास प्रारूप रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। आईपीओ के तहत 750 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि मौजूदा शेयरधारक 4.01 करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। कंपनी इस राशि का उपयोग अपनी सहायक कंपनी ईएसपीएल में पूंजी निवेश और सामान्य कॉरपोरेट कार्यों में करेगी। कंपनी की परिसंपत्ति प्रबंधन राशि (एयूएम) मार्च 2026 तक बढ़कर 8,602.73 करोड़ रुपये हो गई, जबकि शुद्ध लाभ 257.46 करोड़ रुपये रहा। अक्षय मेहरोत्रा और आशीष सोहन गोयल द्वारा स्थापित कंपनी के आईपीओ के प्रमुख प्रबंधक कोटक महिंद्रा कैपिटल, एक्सिस कैपिटल, डैम कैपिटल एडवाइजर्स और जेएम फाइनेंशियल हैं।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने कोलकाता में शुरू किया मेगा दर्द जागरूकता अभियान, विशेषज्ञों ने दिए उपचार संबंधी सुझाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के सेंट्रल हॉस्पिटल स्थित दर्द चिकित्सा विभाग ने वेस्ट बंगाल सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ पेन और इंडियन सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ पेन (आईएसएसपी) के सहयोग से कोलकाता में एक सप्ताह तक चलने वाला व्यापक दर्द जागरूकता अभियान आयोजित किया। यह अभियान 1 जुलाई से 9 जुलाई तक चलाया गया, जिसका उद्देश्य लंबे समय से दर्द से परेशान लोगों को आधुनिक उपचार विकल्पों और दर्द प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। यह अभियान आईएसएसपी के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर दर्द से राहत, जीवन की बहाली थीम के तहत आयोजित किया गया। अभियान का समापन 9 जुलाई को गार्डन रीच, कोलकाता में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के साथ हुआ। अभियान के तहत आम लोगों तक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने के लिए रेलवे और मेट्रो के प्रमुख स्टेशनों पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। दक्षिण पूर्व रेलवे के सांतरागाछी और खड़गपुर स्टेशनों, कोलकाता मेट्रो के पार्क स्ट्रीट और टॉलीगंज स्टेशनों तथा पूर्व रेलवे के सियालदह और हावड़ा स्टेशनों पर लोगों को दर्द संबंधी समस्याओं के लिए चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर भारतीय रेलवे में दर्द चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई। दक्षिण पूर्व रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल में वर्ष 2023 से एफएनबी पेन मेडिसिन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसे 2024 में जगजीवन राम रेलवे अस्पताल तक विस्तार दिया गया।



## कल कोलकाता में होगा सद्भावना सम्मेलन, सद्गुरुदेव सतपाल महाराज देंगे दिव्य प्रवचन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में 12 जुलाई (रविवार) को सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मानव धर्म के प्रणेता सद्गुरुदेव सतपाल महाराज अपने दिव्य प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार, सम्मेलन का उद्देश्य समाज में प्रेम, सद्भाव, मानवता एवं अध्यात्म ज्ञान के संदेश का प्रसार करना है। कार्यक्रम के दौरान संत-महात्माओं का सत्संग, आध्यात्मिक प्रवचन तथा मधुर भजनों की प्रस्तुति भी होगी। यह आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नेताजी इंडोर स्टेडियम, कोलकाता में आयोजित होगा। श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश की व्यवस्था निःशुल्क रखी गई है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से सम्मेलन में शामिल होकर आध्यात्मिक संदेश का लाभ उठाने की अपील की है।



## अधिक नमक का सेवन बढ़ा रहा हृदय रोग का खतरा, विशेषज्ञों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2021) के अनुसार भारत में 21.3 प्रतिशत वयस्क उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं, जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में यह आंकड़ा 48 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वयस्कों को प्रतिदिन पांच ग्राम से कम नमक का सेवन करना चाहिए, लेकिन भारत में औसतन 8 से 11 ग्राम नमक खाया जाता है। अधिक सोडियम का सेवन उच्च रक्तचाप और हृदय रोग का प्रमुख कारण माना जाता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों ने भी संतुलित आहार के साथ कम सोडियम वाले नमक के उपयोग की सलाह दी है। टाटा सॉल्ट लाइट जैसे कम सोडियम वाले विकल्प, पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का सीमित सेवन तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से रक्तचाप नियंत्रित रखने और हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

## पूर्व रेलवे का सख्त संदेश: 'रेल रोको' या रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आम जनता से रेलवे संपत्ति की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 'रेल रोको' आंदोलन, यात्रियों की आवाजाही में बाधा डालने या रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कहा कि रेलवे देश की जनता की संपत्ति है और लाखों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी इससे जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि एक ट्रेन के रुकने या रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचने से केवल व्यवस्था प्रभावित नहीं होती, बल्कि मरीजों, छात्रों, कामगारों और अपने गंतव्य तक पहुंचने वाले हजारों यात्रियों को परेशानी होती है। संशोधित नियमों के अनुसार, ट्रेन या रेलवे परिसर में नशे की हालत में उपद्रव करने, यात्रियों को परेशान करने, अभद्र भाषा या अशोभनीय व्यवहार करने और रेलवे सुविधाओं में बाधा डालने वालों पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा रेलवे कर्मचारियों के कार्य में बाधा डालने, रेलवे नियमों का उल्लंघन करने और रेलवे परिसर में यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि ट्रेनें देश की जीवनरेखा हैं और किसी भी प्रकार की बाधा से आम यात्रियों की महत्वपूर्ण यात्राएं प्रभावित होती हैं। उन्होंने जनता से रेलवे को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।




## जेआईएस एजुकेशन एक्सपो 2026: कल्याणी संस्करण में ज्ञान, नवाचार और करियर मार्गदर्शन का संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेआईएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित जेआईएस एजुकेशन एक्सपो 2026 - कल्याणी एडिशन का सफल समापन हुआ। जेआईएस ग्रुप एजुकेशनल इनिशियेटिव्स की ओर से आयोजित इस एक दिवसीय मेगा एजुकेशन एक्सपो में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कल्याणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनुपम विश्वास, रामकृष्ण मिशन, कल्याणी के सचिव स्वामी दुर्गानाथानंद, जेआईएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पार्थ सरकार, जेआईएस ग्रुप के निदेशक सरदार सिमरप्रीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। एक्सपो में नदिया, उत्तर 24 परगना और हुगली जिलों के विभिन्न स्कूलों से आए छात्रों को उच्च शिक्षा के विकल्पों, करियर अवसरों और भविष्य की संभावनाओं को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में जेआईएस ग्रुप के 39 संस्थानों और 185 शैक्षणिक कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर के पाठ्यक्रम शामिल रहे। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 60 स्कूलों के 1,200 से अधिक कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉपर्स का सम्मान समारोह रहा। इसके अलावा, छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग, विशेषज्ञ सत्र और व्यावहारिक कार्यशालाएं आयोजित की गईं।




इस अवसर पर जेआईएस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सरदार तरनजीत सिंह ने कहा कि हर छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सही मार्गदर्शन और बेहतर अवसर मिलना चाहिए। जेआईएस एजुकेशन एक्सपो छात्रों की आकांक्षाओं को संभावनाओं से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। कल्याणी में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की भागीदारी यह दर्शाती है कि हम महानगरों से बाहर भी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## स्वरा बेबी ने 1000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नई दिल्ली, समाज्ञा :** डिस्पोजेबल स्वच्छता उत्पादों की प्रमुख अनुबंध विनिर्माता स्वरा बेबी प्रोडक्ट्स ने 1,000 करोड़ रुपये के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास प्रारूप रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। आईपीओ में 500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि 500 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत बेचे जाएंगे। इसके अंतर्गत ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड 300 करोड़ रुपये तथा अनाद्या बॉन मर्चरी एलएलपी 200 करोड़ रुपये के शेयर बेचेगी। कंपनी आईपीओ से प्राप्त राशि में से 198.2 करोड़ रुपये मध्य प्रदेश में नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने तथा 100 करोड़ रुपये ऋण चुकाने में खर्च करेगी। वर्ष 2018 में स्थापित कंपनी बच्चों के डायपर, वयस्क डायपर और सैनिटरी नैपकिन के निर्माण में अग्रणी है तथा अनुसंधान, विकास और गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष ध्यान देती है।

## चॉइस इंटरनेशनल और एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज में रणनीतिक साझेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** वित्तीय सेवा समूह चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड ने दक्षिण कोरिया की प्रमुख वित्तीय संस्था एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज कंपनी लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस समझौते के तहत एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज ने चॉइस की ब्रोकिंग एवं वेल्थ मैनेजमेंट इकाई चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड में 900 करोड़ रुपये (9,000 मिलियन रुपये) का निवेश किया है। कंपनी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में अपने ब्रोकिंग और वितरण कारोबार का पांच गुना विस्तार करना, डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करना तथा संस्थागत कारोबार का विस्तार करना है। चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यकारी निदेशक अरुण पोद्दार ने कहा कि यह निवेश कंपनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण, कारोबारी मॉडल और विकास क्षमता पर वैश्विक वित्तीय संस्थान के भरोसे का प्रतीक है।

## कोट्टी ने मंत्री तापस राय के साथ किया सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम, टेक्सटाइल उद्योग के विकास पर हुई चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री, कोट्टी द्वारा शुक्रवार को कोट्टी कॉन्फ्रेंस हॉल में सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग, पब्लिक इंटरप्राइज, गैर-पारंपरिक एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री तापस राय उपस्थित थे। कोट्टी के मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कोट्टी के अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि टेक्सटाइल उद्योग भारत की संस्कृति, परंपरा और करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है तथा पश्चिम बंगाल में इस क्षेत्र के विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और उद्योग के संयुक्त प्रयासों से राज्य देश का अग्रणी टेक्सटाइल हब बन सकता है। उन्होंने बताया कि कोट्टी उद्योग और सरकार के बीच मजबूत सेतु की भूमिका निभाते हुए निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना चाहता है। साथ ही उन्होंने मंत्री से उद्योग जगत के सुझावों पर सकारात्मक विचार करने और निरंतर संवाद बनाए रखने का आग्रह किया।



कोट्टी के पूर्व अध्यक्ष अरुण भुवालका ने कहा कि पश्चिम बंगाल के विकास के लिए वर्तमान समय महत्वपूर्ण है और राज्य तथा केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार होने से विकास को नई गति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कोट्टी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार टेक्सटाइल क्षेत्र देता है, इसलिए इस सेक्टर पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से एमएसएमई और टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए अलग मंत्रालय चिन्हित करने का भी आग्रह किया। मंत्री तापस राय ने कहा कि 4 मई से राज्य में नई यात्रा शुरू हुई है और अब भय आउट, भरोसा इन का माहौल है। उन्होंने कहा कि सरकार और उद्यमी साझेदार हैं तथा सभी मिलकर बंगाल का खोया गौरव लौटाएंगे। उन्होंने दावा किया कि नई औद्योगिक नीति लगभग तैयार है और वर्ष 2031 तक पश्चिम बंगाल को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लक्ष्य पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वाणिज्य मंत्री और रेल मंत्री राज्य के विकास के लिए सक्रिय हैं। अशोकनगर, कल्याणी सहित अन्य स्थानों पर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने उद्योगपतियों से पश्चिम बंगाल में निवेश करने और कोट्टी से पूर्ण सहयोग का आह्वान किया।

## श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से किया गया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी विद्यालय में श्री यश पाल नारंग एवं चंद्र राज भंडारी छात्रवृत्ति 2026 का पुरस्कार समारोह उत्साह और गौरव के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में प्रकाश चंद नाहर, माल चंद सिंघी, जयश्री डागा, चंद्र राज भंडारी, भीखम चंद नाहटा, प्रकाश किल्ला, पूनम सिंह एवं सोमा मजूमदार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान रहा। कक्षा बारहवीं कॉमर्स की छात्रा नेहा साव को यश पाल नारंग छात्रवृत्ति के तहत 12,500 प्रदान किए गए। वहीं, कक्षा दसवीं के टॉपर राघव अग्रवाल एवं अदिबा नाज को चंद्र राज भंडारी छात्रवृत्ति के अंतर्गत क्रमशः 11,500 एवं 12,500 की राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधनों में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। पूनम सिंह ने कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से प्राप्त होती है। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## व्हिस्कास ने भारत की पसंद से प्रेरित पहली इंडियन फिश कैट फूड रेंज की लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रमुख कैट फूड ब्रांड व्हिस्कास ने रोहू और कतला मछली के स्वाद से प्रेरित अपनी नई इंडियन फिश रेंज लॉन्च की है। यह भारत में अपनी तरह की पहली कैट फूड रेंज है, जिसे भारतीय बिल्लियों की पसंद और पालतू जानवरों के मालिकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नई रेंज में व्हिस्कास का भरोसेमंद 100% संपूर्ण और संतुलित पोषण शामिल है। इसमें बिल्लियों को पसंद आने वाला मछली का स्वाद और जरूरी पोषक तत्वों का संतुलित मिश्रण दिया गया है। इस अभियान में बॉलीवुड अभिनेत्री और कैट लवर मृणाल ठाकुर को शामिल किया गया है। कंपनी के अनुसार, घर का बना खाना हमेशा बिल्लियों की सभी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा नहीं कर पाता। व्हिस्कास इंडियन फिश रेंज स्वाद और वैज्ञानिक पोषण का बेहतर संयोजन पेश करती है। यह रेंज देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी।

# 'मुझे चुप कराने के लिए आपको मुझे मारना पड़ेगा', ममता का भाजपा को खुली चुनौती

## पार्टी छोड़ने वाले नेताओं को तृणमूल या भाजपा में से एक चुनने को कहा



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश जारी किया। इस वीडियो संदेश में ममता ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और सत्ताधारी दल पर टीएमसी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि अगर सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें चुप कराना चाहती है या टीएमसी को खत्म करना चाहती है तो उसके लिए पहले उन्हें मुझे मारना होगा। वीडियो संदेश में ममता ने टीएमसी पार्टी में हो रही बगावत और टीएमसी नेताओं के कथित शोषण पर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उनकी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने में लगी है। ममता ने कहा कि टीएमसी के कई नेताओं पर हमले हुए हैं और उनका अपमान किया गया है। इनमें महुआ मोइत्रा, अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि आप ने किस पर हमला नहीं किया है? आपने महुआ, अभिषेक बनर्जी, कल्याण बनर्जी पर हमला किया। आपने मेरे घर पर हमला किया। ममता ने वीडियो संदेश में दावा किया कि उनके कई सहयोगियों से पुलिस हिरासत में अमानवीय व्यवहार किया गया। टीएमसी प्रमुख ने कहा कि मेरे कई सहयोगी जेल में बंद हैं, उन्हें फर्श पर सोने को मजबूर किया जा रहा है। कुछ को कमर में रस्सियां और पैरों में हथकड़ियां डालकर घुमाया जा रहा है। कुछ के सिर मुंडवा दिए गए हैं। कईयों पर घिनौनी चीजें फेंकी गई हैं, जिनका जिक्र करना भी शर्मनाक है। ममता ने पार्टी छोड़कर जाने वाले नेताओं पर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि राजनीति में विश्वास सबसे बड़ी चीज होती है, लेकिन कुछ नेता जनता के भरोसे को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी के खिलाफ काम कर रहे हैं, उन्हें साफ फैसला करना चाहिए या तो वे तृणमूल में रहकर पार्टी के साथ काम करें या फिर खुलकर भाजपा में शामिल हो जाएं।

# आज मुख्यमंत्री सूर्यपुर पुलिस चौकी का करेंगे उद्घाटन, पीड़िता के परिवार से भी मिलेंगे



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी दक्षिण 24 परगना के सूर्यपुर में एक पुलिस चौकी का संभवत: शनिवार को उद्घाटन करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बता दें कि शुभेंदु ने सूर्यपुर के पास बारुईपुर में एक नाबालिग लड़की के कथित दुष्कर्म एवं उसकी हत्या के बाद उसके परिवार से मुलाकात के उपरांत यह चौकी स्थापित करने की घोषणा की थी। अब तक सूर्यपुर में सिर्फ़ एक पुलिस शिविर था, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया जाता था। लोगों को शिकायत दर्ज कराने बारुईपुर थाने जाने के लिए लगभग 10 किलोमीटर का सफर करना पड़ता था। बारुईपुर के प्रस्तावित दौरे में मुख्यमंत्री के पीड़ित परिवार से दोबारा मिलने की भी संभावना है। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित उद्घाटन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसके लिए जरूरी प्रशासनिक और सुरक्षा इंतजाम कर लिए गए हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री के शनिवार की सुबह करीब 11.30 बजे बारुईपुर पहुंचने की संभावना है। वह सबसे पहले मृत किशोरी के घर जायेंगे और उसके बाद इंद्रजीत मंडल के परिवार से मिलेंगे। इसके बाद, मुख्यमंत्री सूर्यपुर पुलिस चौकी का उद्घाटन करेंगे। बारुईपुर में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लगभग 45 मिनट तक चलने की संभावना है।

# टीएमसी के बागी गुट में सांगठनिक बदलाव, बिप्लब मित्रा बने कार्यवाहक अध्यक्ष

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने संगठन में बड़ा बदलाव किया। वरिष्ठ नेता बिप्लब मित्रा को नया अध्यक्ष घोषित किया। यह फैसला बागी गुट की नेशनल वर्किंग कमेटी की बैठक में लिया। बैठक के बाद गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने संगठन में कई नई नियुक्तियों का भी ऐलान किया। साथ ही, उन्होंने अभिषेक बनर्जी पर भी तीखा हमला बोला और चुनाव आयोग को सभी जरूरी दस्तावेज समय पर सौंपने का दावा किया। ऋतब्रत बनर्जी ने बताया कि नेशनल वर्किंग कमेटी की बैठक में कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक फैसले लिए गए। उन्होंने कहा कि चंद्रिमा भट्टाचार्य को नेशनल वर्किंग कमेटी में शामिल करते हुए ऑल इंडिया वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया है। वहीं, पहले से एनडब्ल्यूसी के सदस्य रहे बिप्लब मित्रा को ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। इसके बाद, कमेटी ने सर्वसम्मति से उन्हें प्रदेश तृणमूल कांग्रेस का नया अध्यक्ष चुन लिया। इसके अलावा, जावेद अमित खान को पार्टी का वर्किंग प्रेसिडेंट बनाया गया। वहीं, विधायक अनीसुर रहमान को तृणमूल यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष और सौरव बसु को यूथ संगठन का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

**✒ चुनाव आयोग को दस्तावेज सौंपने का दावा**

ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से मांगे गए सभी जरूरी दस्तावेज निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करा दिए गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनका गुट ही असली तृणमूल कांग्रेस है और चुनाव आयोग का फैसला उनके पक्ष में आएगा।

# पूर्व डीसीपी शांतनु सिन्हा के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी ने कोलकाता पुलिस के पूर्व पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) शांतनु सिन्हा बिस्वास के खिलाफ जमीन कब्जे और बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में अपनी चार्जशीट अदालत में पेश कर दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस 114 पन्नों की मुख्य चार्जशीट में आधिकारिक तौर पर दावा किया है कि शांतनु सिन्हा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कम से कम तीन करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष गबन किया है, हालांकि ईडी अधिकारियों का मानना है कि इस सिंडिकेट का कुल घोटाला 50 करोड़ रुपये के पार पहुंच सकता है। जांच के मुताबिक, कालीघाट थाने के पूर्व प्रभारी शांतनु सिन्हा बिस्वास, कुख्यात भू-माफिया सोना पप्पू उर्फ विश्वजीत पोद्दार और रीयल एस्टेट व्यवसायी जय कामदार के साथ मिलकर एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट चला रहे थे। यह सिंडिकेट रीयल एस्टेट बिल्डरों, भ्रष्ट पुलिसकर्मियों और स्थानीय दुष्ट तत्वों के गठजोड़ से कोलकाता, बीरभूम सहित कई जिलों में जबरन कीमती संपत्तियों पर कब्जा करता था। चौंकाने वाली बात यह है कि वास्तविक जमीन मालिकों को डराने और उनकी आवाज दबाने के लिए पुलिसिया रसूख का इस्तेमाल कर उनके खिलाफ ही थानों में फर्जी मामले दर्ज करवा दिए जाते थे।

# ममता को बड़ा झटका, टीएमसी के 12 और बैंक खाते फ्रीज

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के पार्टी फंड से जुड़े बैंक खातों की जांच और तेज हो गई है। कलकत्ता हाई कोर्ट से दैनिक खर्चों के संचालन को लेकर आंशिक राहत मिलने के बावजूद बिधाननगर साइबर थाना ने तृणमूल के 12 और बैंक खातों में लेनदेन पर रोक लगाने का निर्देश विभिन्न सरकारी और निजी बैंकों को दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पहले और दूसरे चरण में फ्रीज किए गए खातों में कुल मिलाकर एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। यह कार्रवाई तृणमूल विधायक विश्वनाथ दास की ओर से बिधाननगर साइबर थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की जा रही जांच के तहत हुई है। इसी शिकायत के बाद पहले तीन बैंक खातों को फ्रीज किया गया था। बाद में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी इन तीन खातों को फ्रीज कर दिया। इसके खिलाफ तृणमूल ने हाई कोर्ट का रुख किया था। गुरुवार को हाई कोर्ट ने पार्टी के नियमित खर्चों के संचालन के लिए एक विशेष अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया था। पुलिस अब पहले फ्रीज किए गए तीन खातों के लेनदेन से मिले सुरागों के आधार पर अन्य खातों की भी जांच कर रही है। इसी कारण जांच पूरी होने तक इन खातों से किसी भी प्रकार के लेनदेन पर रोक लगाई गई है।

### फिर हाई कोर्ट पहुंची तृणमूल कांग्रेस

तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी गुट ने पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के ईडी के आदेश के खिलाफ एक बार फिर कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति कृष्णा राव की अदालत में पार्टी की ओर से अधिवक्ता किशोर दत्ता ने मामले का उल्लेख करते हुए तत्काल सुनवाई की अनुमति मांगी। अदालत ने याचिका दायर करने की अनुमति दे दी है। मामले की सुनवाई सोमवार को होने की संभावना है। पार्टी की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्य पुलिस द्वारा फ्रीज किए गए तीन बैंक खातों के मामले में हाई कोर्ट की दूसरी पीठ पहले ही अंतरिम राहत दे चुकी है। लेकिन अब धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी ने भी इन्हीं खातों को फ्रीज कर दिया है, जिससे पार्टी की परेशानी बढ़ गई है।

# बारुईपुर दुष्कर्म-हत्या मामला : आरोपी प्रभास मानसिक रूप से विकृत, पीड़िता पर रखता था नजर

## पुलिस का बड़ा दावा, पूरी वारदात की साजिश प्रभास ने रची थी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में नाबालिग से दुष्कर्म-हत्या मामले में पुलिस जांच के दौरान सामने आई जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में मारे गए मुख्य आरोपित प्रभास मंडल की मानसिकता विकृत थी और वह कथित तौर पर पीड़िता पर लंबे समय से नजर रखे हुए था। पुलिस का दावा है कि उसी ने नाबालिग से दोस्ती कर उसका भरोसा जीता और पूरी वारदात की साजिश रची। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित कबीर मोल्ला, दिवाकर सरदार और आनंद सरदार से आमने-सामने की पूछताछ में भी यही बात सामने आई कि पूरी योजना प्रभास ने बनाई थी। जांचकर्ताओं का कहना है कि इलाके का निवासी होने के कारण वह पीड़िता की गतिविधियों से परिचित था और इसी का फायदा उठाकर उसे अपने जाल में फंसाया। जांच के दौरान एक और पहलू सामने आया है। पूछताछ के वीडियो में प्रभास के मुंह से 'राजा' नाम सुनाई देता है। पुलिस फिलहाल मान रही है कि यह किसी आरोपित का उपनाम हो सकता है। जांचकर्ता इस बात की भी पड़ताल कर रहे हैं कि कहीं यह उन्हें गुमराह करने की कोशिश तो नहीं थी। पुलिस का दावा है कि नाबालिग को घटनास्थल तक लाने, उसके साथ अत्याचार करने, शव को ठिकाने लगाने और गिरफ्तारी से बचने की पूरी योजना प्रभास ने तैयार की थी। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही अन्य गिरफ्तार आरोपितों को भी घटनास्थल ले जाकर अपराध का सीन रीक्रिएशन कराया जाएगा।

### बारुईपुर हिंसा मामले में पांच और गिरफ्तारी

बारुईपुर में 11 साल की लड़की से कथित दुष्कर्म और हत्या के बाद हुई भीड़ की हिंसा और पुलिस कर्मियों पर हमले में शामिल होने के आरोप में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 35 हो गई है। शुक्रवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बारुईपुर पुलिस जिला अधिकार क्षेत्र में आने वाले इलाकों में रात भर जारी छापेमारी के दौरान इन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि शेष आरोपियों को पकड़ने की कोशिशें जारी हैं। बारुईपुर पुलिस जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम इसमें शामिल हर व्यक्ति की भूमिका की जांच कर रहे हैं, चाहे वह प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष।

### सीआईडी ने बारुईपुर मुठभेड़ मामले की जांच शुरू की, फोरेंसिक टीम ने नमूने एकत्र किए

अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने बारुईपुर में नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या मामले में मुख्य आरोपी प्रभास मंडल की 'मुठभेड़' में हुई मौत के मामले की जांच शुक्रवार को शुरू कर दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और नमूने एकत्र किए। उन्होंने बताया कि सीआईडी की फोरेंसिक टीम शुक्रवार की दोपहर बारुईपुर में मुठभेड़ स्थल पहुंची और जांच के लिए वहां से कई नमूने इकट्ठा किए। इन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। अधिकारी ने कहा कि इकट्ठा किए गए सबूतों का विश्लेषण किया जाएगा और नतीजों के आधार पर विस्तृत कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि जांच अभी शुरुआती चरण में है। घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और संबंधित लोगों के बयान भी दर्ज किए जाएंगे।

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: ईएल-एसडीईएच-सीओएन-पीएसआई-182-2026-एनआईटी, निविदा सं.: ईएल-एसडीईएच-सीओएन-पीएसआई-182-2026, दिनांक 08.07.2026** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, सियालदह, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्मों आदि जिनके पास निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता और उपयुक्त अनुभव के साथ वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है, से ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** "पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में (क) गोपालनगर में 132 केवी/25 केवी ट्रैक्शन सब स्टेशन की डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना और (ख) 25 केवी ए.सी. सिंगल फेज ओवरहेड इक्विपमेंट, एलटी सप्लाई ट्रांसफार्मर की डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना एवं कूपर्स हॉल्ट में नए एसपी, माझेरग्राम में एसएसपी, बनगांव में एसएसपी, गोबरडांगा में एसपी द्वारा एसएसपी को प्रतिस्थापित करना और (ग) गोपालनगर में टीएसएस के लिए विद्युत (सा.) कार्य और कूपर्स हॉल्ट में नए एसपी, माझेरग्राम में एसएसपी, बनगांव में एसएसपी, गोबरडांगा में एसपी द्वारा एसएसपी को प्रतिस्थापित करना और (घ) रानाघाट-बनगांव दोहरीकरण के संबंध में टीएसएस, एसपी और एसएसपी के लिए रिटेनिंग वॉल, कंट्रोल बिल्डिंग का निर्माण और अन्य सिविल कार्य"। **निविदा मूल्य:** रु. 15,52,83,436.22, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि:** रु. 31,05,700/- **समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.08.2026 को 15.00 बजे। निविदा कागजातों को **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है और इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित अनुसार उल्लिखित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले "निविदा कागजात की लागत" और "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से पूर्ण और ऊपर उल्लिखित सभी कागजातों के साथ निविदाएँ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से जमा की जानी है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और यदि कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, आर. एम. एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।

CON-22/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**विस्तृत निविदा सं. ईपीसी-03-सीएओ-सी-ईआर-2026 : एकल चरण में खुली ईपीसी ई-निविदा-दो पैकेट प्रणाली, दिनांक: 08.07.2026,** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्व रेलवे, 4था तल, 14, स्ट्रैंड रोड, एनकेजी, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** ईपीसी मोड पर 'रानाघाट जंक्शन (छोड़कर) और कृष्णनगर जंक्शन (छोड़कर) के बीच किमी 75.210 (सियालदह से) से किमी 97.585 (सियालदह से) तक तीसरी लाइन बीजी ट्रैक का निष्पादन जिसमें विद्युतीकरण और सिग्नलिंग कार्य शामिल है'। **अनुमानित मूल्य :** रु. 252,87,96,407.71, **बयाना राशि :** रु. 5,05,75,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** 730 दिन। **अंतिम तिथि:** 22.09.2026 को 11.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। CON-23/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्टॉल/आउटलेट**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अधीन**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा सियालदह मंडल के **84 अदद स्टेशनों** पर **'एक स्टेशन एक उत्पाद'** योजना में भाग लेने के लिए स्वदेशी उत्पादों का लेन-देन करने वाले व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), समाज के हाशिये पर या कमजोर वर्गों आदि से मुहरबंद लिफ़ाफ़े (एकल) और निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **योजना की मुख्य विशेषताएं:** (1) **परियोजना की अवधि:** गोचरण, धुबुलिया- 29.07.2026 से शुरू करके 90 दिन। दक्षिण दुर्गापुर, बरानगर रोड- 30.07.2026 से शुरू करके 90 दिन। शासन रोड- 31.07.2026 से शुरू करके 90 दिन। बिनय बादल दिनेश बाग, मगराहाट, सोंडालिया- 03.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। माझेरग्राम- 03.08.2026 से शुरू करके 30 दिन। दक्षिणेश्वर, मथुरापुर रोड- 04.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। मालतीपुर, भसिला, नामखाना-2- 05.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। बहरू, मदनपुर, काकद्वीप- 06.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। होटर, दक्षिण बारासात, कल्याणी शिल्पांचल, कल्याणपुर- 07.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। कालिकापुर- 07.08.2026 से शुरू करके 30 दिन। बाली घाट, काशिम बाजार, लालगोला- 10.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। ईडन गार्डन्स, बागबाजार, पगला चंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जंक्शन, हबीबपुर- 11.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। जगद्दल- 12.08.2026 से शुरू करके 30 दिन। बिद्याधरपुर, पियाली- 12.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। भगवानगोला, मुड़ागाछा, बेथुआडहरी, देबग्राम, रेजीनगर, पलासी, माझदिया, बगुला, सुर्ज्यपुर- 13.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। बड़ा बाजार, पातिपुकुर, पालपाड़ा, न्यू बैरकपुर, आगरपाड़ा, नंगी- 14.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। प्रिंसेप घाट, बासुलडांगा, धपधपी, पायराडांगा, चांदपाड़ा, शांतिपुर- 15.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। टीटागढ़- 16.08.2026 से शुरू करके 30 दिन। बादकुल्ला, गुमा- 16.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। अशोकनगर रोड, दुर्गानगर, बिशरपाड़ा कोदालिया- 18.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। बीरा- 19.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। जियागंज, आड़ंघाटा- 20.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। कृष्णपुर, मुर्शिदाबाद, बहरमपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, हाड़ोया रोड, ठाकुरनगर, धमुआ- 21.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। मध्यमग्राम- 22.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। गोपालनगर, टाकी रोड, जयनगर मजिलपुर, नामखाना-1- 24.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। तालदी, हाबरा- 25.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। ताहेरपुर, बालीगंज जंक्शन, टाला- 26.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। कल्याणी सीमांत- 26.08.2026 से शुरू करके 30 दिन। कांकिनाड़ा- 28.08.2026 से शुरू करके 90 दिन। (2) **टोकन पंजीकरण शुल्क:** ● प्रत्येक स्टॉल के लिए 30 दिनों की आवंटन अवधि हेतु सिर्फ़ ₹ 2,000 जीएसटी सहित तथा ● प्रत्येक स्टॉल के लिए 90 दिनों की आवंटन अवधि हेतु सिर्फ़ ₹ 6,000 जीएसटी सहित। (3) **आधारभूत संरचना :** (i) स्टॉल/आउटलेट रेलवे द्वारा प्रदान किये जाएंगे। (ii) पंजीकरण शुल्क में शामिल बुनियादी सुविधा के तौर पर, प्रत्येक **'एक स्टेशन एक उत्पाद'** आउटलेट के लिए 15 दिनों की एक पारी के लिए अधिकतम 20 यूनिट बिजली की अनुमति होगी। 20 यूनिट की सीमा से अधिक बिजली की अतिरिक्त यूनिट के लिए, वास्तविक आधार पर लागू शुल्क लिया जाएगा। (4) **आवेदन जमा करना:** 28.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे के अंदर। आवश्यक दस्तावेजों की फोटो प्रति (जैसा कि पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/एक सादे सफेद काग़ज़ पर आवेदन **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कमरा नंबर 44, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014** को संबोधित करके मुहरबंद लिफाफे में संबंधित स्टेशन के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक/ बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्दिष्ट स्थान पर जमा करना होगा। एक से ज़्यादा आवेदन प्राप्त होने के मामले में दिनांक **28.07.2026 को अपराह्न 4.00 बजे** ऊपर उल्लिखित स्थान पर खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा। स्टेशनों के नाम सहित पहचाने गए उत्पादों, भागीदारी के लिए पात्रता मानदंड और आवश्यक समर्थित दस्तावेज़ एवं विस्तृत नियम और शर्तों के साथ ईओआई दस्तावेज़ आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** पर देखे एवं से डाउनलोड किए जा सकते हैं और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखे जा सकते हैं।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**CHANGE OF NAME**

I, Geeta Devi Mother of Army No. 8037350F, Rank-NK, Surya Kant, presently residing at F-59, Budh Nagar, Inderpuri, I.A.R.I. S.O, Central Delhi-110012. have changed my name Geeta Devi to Geeta Singh by an Vide affidavit (No. 58487) Before the Ld. Judicial Magistrate 1st Class at Alipore dated 07.07.2026.

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Ferdausi Begam wife of No. 14830583A, Rank- Hav, Name-Mir Golam Sabir permanent address at Karandi, Masundi, Murshidabad, Bharatpur 1, West Bengal- 742301 have changed my name from Furdashi Bagum to Ferdausi Begam and Date of Birth from 22.08.1983 to 10.10.1984 by Vide affidavit Before the Notary Public Marufa khatoon Notary Govt. of India at Alipore Judges Court dated 09.07.2026

**PWD (GOVT OF WB) TENDER**

**Offline Short Notice Inviting Tender No -45/City (WB) of 2026-27** from bonafied and resourceful contractors having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be **on 13.07.2026 up to 12.00 hrs.** Other details may be seen from the web site: **www.pwdwb.in**

**Sd/-**
**Executive Engineer-I, City Division, P.W.D.**

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. : एसईआर-केजीपीडब्ल्यू-डीपीओएच-टी211आर3-01, दिनांक 09.07.2026,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (डीजल), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 11.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 11.30 बजे के बाद खोली जाएगी। **कार्य का विवरण:** ओईएम द्वारा एचएस स्पार्ट के ट्रांसमिशन मॉडल टी211आर.3, प्रस्तुतकारक बॉड्य का जीर्णोद्धार। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.1,23,56,333.90, **बयाना राशि :** रु.2,47,100/-, **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 31.07.2026 को 11.00 बजे। **निविदा का प्रकार :** एकल। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन: www. ireps.gov.in** दक्षिण पूर्व रेलवे/ केजीपी-वर्कशॉप/मेक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी स्थिति में कोई मैन्युअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **(PR-464)**

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**दिनांक 12.07.2026 (रविवार) को ग्रीन लाइन में सीआरएस निरीक्षण**

ग्रीन लाइन में एटीओ परीक्षण के लिए **दिनांक 12.07.2026 (रविवार) को दोपहर 2.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक** सीआरएस निरीक्षण निर्धारित किया गया है। इस प्रयोजन के लिए, **दिनांक 12.07.2026 (रविवार)** को ग्रीन लाइन में **राजस्व परिचालन** सुबह 9.00 बजे के बदले **शाम 4.30 बजे** शुरू होगा। संशोधित समय-सारणी मेट्रो रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

**प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**नागरकोविल-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस का तिरुप्पुर स्टेशन में ठहराव के समय में वृद्धि**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **20604 नागरकोविल-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 12.07.2026 (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) से** दक्षिण रेलवे के **तिरुप्पुर** स्टेशन में नीचे उल्लेखित समय-सूची के अनुसार 02 मिनट के स्थान पर **05 मिनट** के लिए ठहरेगी: **20604 नागरकोविल-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस की तिरुप्पुर स्टेशन में संशोधित समय-सूची :** आगमन 07.20 बजे/प्रस्थान 07.25 बजे। **टिप्पणी:** इस ट्रेन की अन्य स्टेशनों पर समय-सूची अपरिवर्तित रहेगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल में ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के बैण्डेल-कटवा खंड में गुप्तिपाड़ा और जिराट स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर, ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, **दिनांक 11/07, 13/07, 14/07, 15/07, 17/07 और 18/07/26 को 3 घंटे (13.00 बजे से 16.00 बजे तक) के लिए ट्रैफिक ब्लॉक** आवश्यक होगा। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● **ट्रेनों का निरस्तीकरण: 37748 कटवा-बैण्डेल लोकल और 37749 बैण्डेल-कटवा लोकल** ● **ट्रेनों का नियंत्रण: 37924 कटवा-हावड़ा लोकल** को मार्ग में 20 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा। **ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन: 37746 कटवा-बैण्डेल लोकल। ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन: 37924 कटवा-हावड़ा लोकल।**

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल में विकास संबंधी कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

डायमंड पॉइंट और क्रॉसिंग नंबर 261ए/260बी एवं पॉइंट नंबर 257 के थिक वेब स्विच को एक साथ बदलने के लिए, हावड़ा मंडल के बैण्डेल स्टेशन लिमिट में डाउन मेन लाइन पर **दिनांक 11.07.2026 (शनिवार) को 23.30 बजे से दिनांक 12.07.2026 (रविवार) को 05.30 बजे तक 06 घंटे** के लिए ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप ट्रेनों के आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्थाएं की गई हैं :-

● **दिनांक 11.07.2026 को निरस्तीकरण : हावड़ा से :** 37289;
● **दिनांक 12.07.2026 को निरस्तीकरण : बैण्डेल से :** 37214, 37216, 37220 और 37222, **हावड़ा से :** 37211, 37213 और 37215
● **दिनांक 12.07.2026 को मार्ग परिवर्तन:** 63501 हावड़ा - बर्द्धमान फास्ट एमईएमयू को हावड़ा - बर्द्धमान कॉर्ड लाइन होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा।

**विशेष टिप्पणी:** 1) ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**तारकेश्वर में 'श्रावणी मेला' के दौरान ट्रेनों के आवागमन के लिए विशेष व्यवस्थाएँ**

**तारकेश्वर में श्रावणी मेला (दिनांक 18.07.2026 से 28.08.2026 तक)** के दौरान तीर्थयात्रियों/यात्रियों की प्रत्याशित भारी भीड़ को संभालने के लिए, मौजूदा ट्रेन सेवाओं के अलावा, हावड़ा और तारकेश्वर के बीच 06 (छह) जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनें, तारकेश्वर और सेवड़ाफुली के बीच 06 (छह) जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनें एवं बैण्डेल और सेवड़ाफुली के बीच 02 (दो) जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनें सभी सोमवार और अन्य त्योहारों के दिनों अर्थात दिनांक 20.07.2026 (सोमवार), 27.07.2026 (सोमवार), 03.08.2026 (नाग पंचमी/सोमवार), 10.08.2026 (सोमवार), 17.08.2026 (सोमवार) और 24.08.2026 (सोमवार) को निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची के अनुसार मार्ग में सभी स्टेशनों पर ठहराव प्रदान करते हुए चलाई जाएंगी:

**हावड़ा-तारकेश्वर-हावड़ा ईएमयू स्पेशल ट्रेन (छह जोड़ी)**

| अप ईएमयू स्पेशल ट्रेन | | | स्टेशन | डाउन ईएमयू स्पेशल ट्रेन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **03061** | **03063** | **03065** | | **03062** | **03064** | **03066** |
| 00.30 | 01.00 | 01.45 | ↓ हावड़ा | 02.45 | 03.40 | 04.15 |
| 01.08/01.10 | 01.38/01.40 | 02.23/02.25 | सेवड़ाफुली | 02.03/02.05 | 03.08/03.10 | 03.33/03.35 |
| 02.00 | 02.30 | 03.15 | तारकेश्वर ↑ | 01.15 | 02.10 | 02.50 |

| अप ईएमयू स्पेशल ट्रेन | | | स्टेशन | डाउन ईएमयू स्पेशल ट्रेन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **03067** | **03069** | **03071** | | **03068** | **03070** | **03072** |
| 03.00 | 03.50 | 04.25 | ↓ हावड़ा | 06.00 | 07.35 | 13.10 |
| 03.38/03.40 | 04.28/04.30 | 05.02/05.04 | सेवड़ाफुली | 05.18/05.20 | 06.53/06.55 | 12.28/12.30 |
| 04.30 | 05.20 | 05.55 | तारकेश्वर ↑ | 04.30 | 06.05 | 11.40 |

**तारकेश्वर-सेवड़ाफुली-तारकेश्वर ईएमयू स्पेशल ट्रेन (छह जोड़ी)**

| डाउन ईएमयू स्पेशल ट्रेन | | | | | | स्टेशन | अप ईएमयू स्पेशल ट्रेन | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03073 | 03075 | 03077 | 03079 | 03081 | 03083 | | 03074 | 03076 | 03078 | 03080 | 03082 | 03084 |
| 00.45 | 01.45 | 02.30 | 03.20 | 10.45 | 12.25 | ↓ तारकेश्वर | 02.35 | 03.35 | 04.20 | 05.10 | 12.35 | 14.15 |
| 01.35 | 02.35 | 03.20 | 04.10 | 11.35 | 13.15 | सेवड़ाफुली ↑ | 01.45 | 02.45 | 03.30 | 04.20 | 11.45 | 13.25 |

**बैण्डेल-सेवड़ाफुली-बैण्डेल ईएमयू स्पेशल ट्रेन (दो जोड़ी)**

| डाउन ईएमयू स्पेशल ट्रेन | | स्टेशन | अप ईएमयू स्पेशल ट्रेन | |
|---|---|---|---|---|
| **03085** | **03087** | | **03086** | **03088** |
| 02.05 | 03.20 | ↓ बैण्डेल | 03.10 | 04.20 |
| 02.35 | 03.45 | सेवड़ाफुली ↑ | 02.45 | 03.55 |

उपर्युक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनों के अलावा, हावड़ा और तारकेश्वर के बीच 02 (दो) जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनें एवं तारकेश्वर और सेवड़ाफुली के बीच 01 (एक) जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनें निर्धारित तिथियों अर्थात दिनांक 19.07.2026 (रविवार), 26.07.2026 (रविवार), 29.07.2026 (बुधवार/गुरु पूर्णिमा), 02.08.2026 (रविवार), 09.08.2026 (रविवार), 15.08.2026 (शनिवार/स्वतंत्रता दिवस), 16.08.2026 (रविवार), 23.08.2026 (रविवार/झूलन पूर्णिमा) और 27.08.2026 (बृहस्पतिवार/राखी पूर्णिमा) को निम्नलिखित समयसूची के अनुसार चलेंगी:

**अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेन (तीन जोड़ी)**

| अप ईएमयू स्पेशल ट्रेन | | | स्टेशन | डाउन ईएमयू स्पेशल ट्रेन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **03089** | **03091** | **03093** | | **03090** | **03092** | **03094** |
| 04.00 | 07.45 | – | ↓ हावड़ा | 07.30 | 12.15 | – |
| 04.38/04.40 | 08.23/08.25 | 12.40 | सेवड़ाफुली | 06.48/06.50 | 11.33/11.35 | 12.30 |
| 05.30 | 09.15 | 13.30 | तारकेश्वर ↑ | 06.00 | 10.45 | 11.40 |

ऊपर वर्णित सभी स्पेशल ट्रेनें मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

**पैसेंजर ट्रेनों का अस्थायी ठहराव**

निम्नलिखित ट्रेनें दिनांक 19/07, 20/07, 26/07, 27/07, 29/07, 02/08, 03/08, 09/08, 10/08, 15/08, 16/08, 17/08, 23/08, 24/08 और 27/08/2026 को उनके संबंधित स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेंगी।

| ट्रेन नं. और नाम | जिन स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किए जाएंगे |
|---|---|
| 63501 अप हावड़ा-बर्द्धमान एमईएमयू लोकल | सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदननगर, चुचुड़ा, हुगली, मगरा, पाण्डुया, बैंची, मेमारी |
| 53002 डाउन आजिमगंज-हावड़ा पैसेंजर | रिसड़ा, कोन्नगर, हिंद मोटर, उत्तर पाड़ा, बेलुड़, लिलुआ |

यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# अयोध्या में आस्था की बात कहने वालों ने कभी हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का पाप किया था : योगी

**अयोध्या (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जो लोग आज अयोध्या में आस्था की बात कर रहे हैं, उन्होंने कभी हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का पाप किया था। मुख्यमंत्री अयोध्या में 432 करोड़ रुपये की लागत वाली 217 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण तथा बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री दिवंगत मुन्ना सिंह चौहान की प्रतिमा के अनावरण के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा, आज अयोध्या में जो लोग आस्था की



बात कह रहे हैं, इन्होंने हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का पाप किया था। उन्होंने कहा, आप सोचिए, क्या कोई जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा का पाठ कर पाएगा? क्या सरकारें ऐसा करवा पाएंगी? क्या समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ऐसा करवा पाएंगी? अगर नहीं, तो फिर अयोध्या में हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप क्यों कराया गया? एक अधिकारी के अनुसार योगी आदित्यनाथ नवंबर 2003 की एक घटना का जिक्र कर रहे थे, जब हनुमान जी के प्रसिद्ध मंदिर ''हनुमानगढ़ी'' के बाहर नमाज़ पढ़ने की कोशिश की गई थी, लेकिन स्थानीय पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। नमाज की घटना के बारे में पूछे जाने पर, उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक और भाजपा के राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा से कहा, यह सच है।

## अयोध्या के भदरसा का नाम 'भरत नगर' और खिरौनी-सुचितागंज का नाम 'मां ज्वाला देवी' होगा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को घोषणा की कि अयोध्या जिले के बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित खिरौनी-सुचितागंज नगर पंचायत अब 'मां ज्वाला देवी' के नाम से जानी जाएगी और भदरसा नगर पंचायत का नाम 'भरत नगर' होगा। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अयोध्या में 432 करोड़ रुपये की लागत वाली 217 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण और बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री दिवंगत मुन्ना सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। योगी आदित्यनाथ ने मुन्ना सिंह चौहान के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''मुन्ना सिंह चौहान संघर्ष के बल पर आगे बढ़े थे और सामान्य परिवार में पैदा होने के बाद भी उन्होंने उत्तर प्रदेश के विकास और किसानों के उन्नयन के लिए अपना जीवन समर्पित किया।''

## बिहार : पश्चिम चंपारण में छात्रावास में 10 वर्षीय छात्रा मृत मिली, दो शिक्षक गिरफ्तार

**बेतिया :** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में एक निजी स्कूल के छात्रावास में 10 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना लौकरिया थाना क्षेत्र की है। लौकरिया थाना प्रभारी रमन कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि हरनाटांड़ बाजार स्थित एक निजी विद्यालय-सह-छात्रावास में छात्रा अपने कमरे में मृत पाई गई। उन्होंने बताया कि छात्रा के शरीर पर आंख के पास चोट के निशान थे तथा पूरे शरीर पर डंडे से मारपीट के निशान दिखाई दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रा के परिजनों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय के शिक्षकों ने पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा, मामले में विद्यालय के दो शिक्षकों हेमराज कुमार और दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## पटना में बच्चे को कुचलने के आरोपी चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला, जांच जारी

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में ढाई वर्षीय बच्चे को कथित तौर पर एसयूवी से कुचलने वाले चालक का शव बाद में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना बुधवार को जक्कनपुर थाना क्षेत्र के करबिगहिया स्थित डीपीएस कॉलोनी में हुई। मृतक चालक की पहचान पटना के बिशुनपुर पकड़ी निवासी 30 वर्षीय अनुराग राज के रूप में हुई है। जक्कनपुर थाने के प्रभारी ऋतुराज सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''बुधवार को ढाई वर्षीय बच्चा कॉलोनी के भीतर खेल रहा था। इसी दौरान एसयूवी चला रहे व्यक्ति ने कथित तौर पर उसे कुचल दिया। बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो पास के एक कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला। ताला तोड़ने पर कमरे के अंदर खिड़की की ग्रिल से लटका एसयूवी चालक का शव बरामद हुआ।'' उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

## बिहार बांकीपुर उप-चुनाव : भाजपा ने नीरज कुमार सिन्हा को बनाया नया उम्मीदवार

**पटना :** बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल कर चुके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अभिषेक कुमार 'बंटी' द्वारा शुक्रवार को अपना नामांकन वापस लेने के बाद पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने नीरज कुमार सिन्हा को नया आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया है। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर नीरज कुमार सिन्हा को बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया। उल्लेखनीय है कि अभिषेक कुमार 'बंटी' ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए शुक्रवार को अपना नामांकन वापस ले लिया था, जिसके बाद भाजपा ने नीरज कुमार सिन्हा को चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया। यह सीट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई है।

## आजमगढ़ में दादा-पोते की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या

**आजमगढ़ (उप्र) :** आजमगढ़ जिले के पवई थानाक्षेत्र में बदमाशों ने एक बुजुर्ग और उसके पोते की कथित रूप से हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि पवई थानाक्षेत्र के हेवती डिहवा गांव में बृहस्पतिवार देर रात करीब डेढ़ बजे अज्ञात बदमाशों ने ट्यूबवेल पर सो रहे जगदम्बा प्रसाद यादव (70) की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी। कुमार के अनुसार इसके बाद बदमाश करीब 400 मीटर दूर स्थित उनके घर पहुंचे और उन्होंने बरामदे में सो रहे उनके पोते श्रीवांशु यादव (25) उर्फ अंकित पर कुल्हाड़ी से जानलेवा वार किया। एसपी ने बताया कि अंकित की दादी फूलकुमारी ने आहट सुनने पर आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, फिर उन्होंने अन्य दो पोतों को जगाया और बाहर आकर देखा तो उन्हें अंकित गंभीर रूप से घायल पड़ा मिला।

## झारखंड: पुलिस और सरकारी अधिकारियों पर पत्थर फेंकने के आरोप में 145 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मेदिनीनगर :** झारखंड के पलामू जिले में सुरक्षा बल कर्मियों पर कथित रूप से पथराव करने, दो जवानों को घायल करने और सड़क निर्माण कार्य बाधित करने के आरोप में पुलिस ने 25 नामजद समेत 145 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सदर थाना के प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि सदर वृत्ताधिकारी (सीओ) जागो महतो की शिकायत पर सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। झारखंड के पलामू जिले में भूमि अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर बृहस्पतिवार को ग्रामीणों की सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों के साथ हुई झड़प में दो पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। यह घटना बृहस्पतिवार को सदर थाना क्षेत्र के चियांकी इलाके में वन जांच चौकी के निकट हुई, जब स्थानीय प्रशासन और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टीमें बिहार के औरंगाबाद से पलामू को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के चौड़ीकरण के कार्य का रास्ता साफ कराने के लिए मौके पर पहुंची थीं। अंसारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर पुलिस और सरकारी वाहनों पर पथराव किया, जिसमें एक महिला कांस्टेबल सहित दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। वृत्ताधिकारी ने बताया कि पलामू सदर के उप-संभागीय मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार के लिए निर्माण स्थल की तय सीमा के भीतर निषेधाज्ञा लागू की थी, लेकिन ग्रामीण आदेश का उल्लंघन करते हुए वहां एकत्र हुए।

## आईआईआईटी कोटा की बड़े विस्तार की योजना, 25 हजार छात्रों को मिलेगी जगह

**कोटा :** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) कोटा का पांचवां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान की शैक्षणिक और आधारभूत संरचना का बड़े पैमाने पर विस्तार करने तथा भविष्य में 25,000 विद्यार्थियों को समायोजित करने की दीर्घकालिक योजना की घोषणा की गई। लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा-बूंदी से सांसद ओम बिरला समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस दौरान पीएचडी के दो शोधार्थियों सहित 203 विद्यार्थियों को विभिन्न डिग्रियां प्रदान की गईं। बिरला ने समारोह में कहा कि हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के साथ आईआईआईटी कोटा के विस्तार को लेकर बैठक हुई थी, जिसमें संस्थान को अनुसंधान और उन्नत प्रौद्योगिकी के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए व्यापक रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने कहा कि संस्थान में वैश्विक आवश्यकताओं और भविष्य की तकनीकी जरूरतों के अनुरूप नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जिनमें कृत्रिम मेधा (एआई) पर विशेष जोर रहेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संस्थान में लगभग 1,100 विद्यार्थी हैं और पहले चरण में उनकी



संख्या बढ़ाकर 5,000 करने तथा बाद में 25,000 विद्यार्थियों के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचा विकसित करने की योजना है। बिरला ने कहा कि संस्थान के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट रोजगार पैकेज मिल रहे हैं और वे वैश्विक तकनीकी चुनौतियों के समाधान में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राजस्थान सरकार के संयुक्त प्रयासों से आईआईआईटी कोटा को तकनीकी शिक्षा और नवाचार का उत्कृष्ट केंद्र बनाया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एन. पी. पाढी ने संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों और भावी विकास रणनीति की जानकारी दी।

## राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूरे होने पर 15 जुलाई से शुरू होगा 'अमृत महोत्सव'

**जयपुर :** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को घोषणा की कि विधानसभा के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 15 जुलाई से सालभर चलने वाला 'अमृत महोत्सव' कार्यक्रम शुरू होगा। इसमें राज्य की लोकतांत्रिक और विधायी यात्रा को रेखांकित किया जाएगा। विधानसभा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में देवनानी ने कहा कि यह समारोह लोकतंत्र, शासन और जनसेवा में विधानसभा के 75 वर्षों के योगदान को समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई को होने वाले उद्घाटन समारोह में विधानसभा के पूर्व और वर्तमान सदस्य शामिल होंगे। देवनानी ने कहा, ''इस दौरान संसदीय परंपराओं के विकास, विधायी प्रक्रियाओं, सदन की गरिमा, विधानसभाओं के समक्ष चुनौतियों और विधानसभा के डिजिटल परिवर्तन जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।'' उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और वरिष्ठ विधायकों को भी सम्मानित किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन समापन समारोह में शामिल होंगे। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 'अमृत महोत्सव' एक वर्ष तक चलेगा। इस दौरान लोकतंत्र को मजबूत करने, विधायी प्रक्रियाओं और संवैधानिक मूल्यों पर संसदीय एवं संवैधानिक विशेषज्ञों के विशेष सत्र समेत चार बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''इन कार्यक्रमों के माध्यम से राजस्थान विधानसभा की गौरवशाली परंपराओं को नयी पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।''

## बिहार में फर्जी डिग्री के आधार पर नियुक्त 3,000 से अधिक शिक्षकों पर गिरेगी गाज

**पटना :** बिहार सरकार ने फर्जी डिग्री और जाली शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने वाले 3,000 से अधिक शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि इन शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा। साथ ही, उनके खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। तिवारी ने यहां संवाददाताओं से कहा, '' वर्ष 2006 से 2015 के बीच हुई शिक्षक नियुक्तियों की राज्य निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की गई विस्तृत जांच के बाद फर्जी डिग्री और जाली शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के आधार पर नियुक्ति पाने के आरोप में 3,000 से अधिक सरकारी शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए गए हैं।'' उन्होंने कहा कि जांच में फर्जी शिक्षण संस्थानों तथा नियुक्ति प्रक्रिया में इस्तेमाल किए गए जाली शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़ी बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, निगरानी जांच रिपोर्ट के आधार पर इन शिक्षकों के खिलाफ कई प्राथमिकी पहले ही दर्ज की जा चुकी हैं और उन्हें अभियुक्त बनाया गया है।

## मथुरा में स्कूल बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, दो महिलाओं की मौत, 16 घायल

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में शुक्रवार को एक स्कूल बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके कारण दो महिलाओं की मौत हो गई और 16 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि यह हादसा अपराह्न करीब एक बजे राया थाना क्षेत्र के बिरहाना गांव के पास हुआ। उस समय ट्रैक्टर-ट्रॉली में 20-25 लोग अपने एक रिश्तेदार की शोकसभा में शामिल होने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक नीरज अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान के भरतपुर निवासी शशि (42) और रजनी (32) को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि अन्य घायलों को मथुरा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है। वहीं, गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है और अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## यूपी : ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने वाले प्रावधान की वैधता पर सरकार से जवाब तलब

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया। याचिका में राज्य सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को उनके पांच वर्ष के कार्यकाल की समाप्ति के बाद ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त किये जाने के प्रावधान को चुनौती दी गई। मामले की अगली सुनवाई चार अगस्त को होगी। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजरी शुक्ला की खंडपीठ ने एसके की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। अदालत ने सुनवाई के दौरान पंचायत चुनाव कराने के लिए आवश्यक उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट की वर्तमान स्थिति की जानकारी भी तलब की। याचिका में बताया गया कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम की धारा 12(3-क) संविधान के प्रावधानों के विपरीत है, क्योंकि इसके माध्यम से सरकार ग्राम पंचायतों का संवैधानिक कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त कर उनके अधिकारों को जारी रख रही है। याचिका में 25 मई, 2026 को प्रदेशभर में ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने संबंधी शासनादेश को भी रद्द करने का अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि वर्ष 2000 में अध्यादेश के माध्यम से लाए गए इसी तरह के प्रावधान को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रेमलाल पटेल मामले में असंवैधानिक घोषित कर दिया था। राज्य सरकार ने उस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी लेकिन बाद में चुनाव संपन्न होने और अध्यादेश के स्थान पर कानून लागू हो जाने के कारण शीर्ष अदालत ने अपील का निस्तारण कर दिया था।

# उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में झमाझम बारिश, अगले 24 घंटे में भारी से बहुत भारी वर्षा का अनुमान

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में शुक्रवार को झमाझम बारिश हुई, जिससे अनेक स्थानों पर दिन का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ीं। सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक की अवधि में लखनऊ में 13.3 मिलीमीटर, मुजफ्फरनगर में 7.6 मिलीमीटर, इटावा में 10 मिलीमीटर, बांदा में 5.3 मिलीमीटर, सुल्तानपुर में 3.5 मिलीमीटर, गोरखपुर में 3.2 मिलीमीटर और कानपुर नगर में 2.8



मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। राज्य के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री कम था। मौसम विभाग ने शनिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि राज्य के अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने की भी आशंका है। लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों के लिए आईएमडी ने आसमान में बादल छाए रहने तथा रुक-रुक कर बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान अधिकतम तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। कुछ स्थानों पर गरज और बिजली के साथ भारी बारिश भी हो सकती है।

## हरियाणा और बिहार के बीच जल्द ही सीधी बस सेवा शुरू होगी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा और बिहार की सरकारों ने शुक्रवार को दोनों राज्यों के बीच नियमित बस सेवा शुरू करने के लिए एक द्विपक्षीय अंतर-राज्यीय बस परिवहन समझौते पर हस्ताक्षर किए। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, हरियाणा सरकार की ओर से परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंदरू और बिहार सरकार की ओर से राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ एहसान ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। बयान के मुताबिक, इस समझौते के तहत नियमित अंतर-राज्यीय बस सेवाएं संचालित की जाएंगी, जिससे यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन का एक सुरक्षित, आरामदायक, भरोसेमंद और किफायती साधन मिलेगा। इस समझौते के तहत, आधुनिक वातानुकूलित बसें तय रूट पर चलेंगी। ये बसें हरियाणा के प्रमुख शहरों - जैसे गुरुग्राम, अंबाला, सोनीपत और पानीपत - को बिहार के छह संभागों - पटना, पूर्णिया, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर - से जोड़ेंगी।

## संगठन-सरकार के बेहतर समन्वय से विकास को मिलेगी गति : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय राज्य के विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में राजग कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजग नेताओं और जिलाध्यक्षों के साथ नियमित संवाद व बैठकों की परंपरा स्थापित कर गठबंधन को मजबूत आधार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के निर्माण के लिए लगातार काम कर रहे हैं जबकि नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के संकल्प को राजग सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, चौधरी ने कहा कि राज्य के विकास और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर राजग के घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष हर तीन महीने में कम से कम एक बार मुख्यमंत्री से मिलकर सुझाव और समस्याएं साझा कर सकते हैं।

## एसआईआर: झारखंड में 1.99 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र बांटे गए

**रांची :** झारखंड के कुल 2.64 करोड़ मतदाताओं में से 1.99 करोड़ से अधिक मतदाताओं को शुक्रवार तक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना प्रपत्र प्राप्त चुके हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य में गणना का काम 30 जून को शुरू हुआ था और यह 29 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे, उसे एकत्र करेंगे और फिर उनकी जांच करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा, ''शुक्रवार तक बीएलओ कुल मतदाताओं के 75.27 प्रतिशत हिस्से (यानी 1,99,19,548 मतदाताओं) तक सफलतापूर्वक पहुंच चुके हैं और घर-घर जाकर योग्य भारतीय नागरिकों को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए हैं।'' उन्होंने बताया कि अब तक 19.77 प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्र का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को गणना प्रपत्र बांटने और एकत्र करने के काम की प्रगति की समीक्षा की। कुमार ने अधिकारियों से कहा कि जिन इलाकों में डिजिटलीकरण का काम धीमी गति से चल रहा है, वहां विशेष शिविर लगाकर इस प्रक्रिया को तेज किया जाए ताकि इसे तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि अनुपस्थित, दूसरी जगह चले गए या मृत/नाम में दोहराव वाले लोगों की सूची की पुष्टि करने के लिए 14 जुलाई को सभी जिलों में बीएलओ और बीएलए-दो की संयुक्त बैठक बुलाई जाए।

## उप्र: बरेली में धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**बरेली :** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए कथित रूप से प्रेरित करने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में 51 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीरगंज थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान शीशगढ़ थाना क्षेत्र के भुदासी गांव निवासी प्रेमपाल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार, इस मामले में एक ग्रामीण अंकित की शिकायत पर प्रेमपाल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि प्रेमपाल ने बृहस्पतिवार को सैंजना गांव में गजेंद्र नाम के व्यक्ति के घर पर एक सभा आयोजित की थी। पुलिस के मुताबिक, प्रेमपाल पर लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन देने और हिंदू देवी-देवताओं व हिंदू आस्था के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई थीं और उसे शुक्रवार सुबह नगरिया सादात रेलवे क्रॉसिंग अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान प्रेमपाल ने कथित तौर पर बताया कि वह ईसाई धर्म का प्रचारक है और उसने सैंजना गांव में लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की थी।

## उप्र: अग्निशमन विभाग ने रामपुर में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को एक नोटिस जारी किया

**रामपुर :** उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग ने रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को परिसर की 22 इमारतों के लिए वैध अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) नहीं होने के संबंध में नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में हाल में एक कोचिंग संस्थान में लगी आग के बाद शुरू किए गए राज्यव्यापी अग्नि सुरक्षा ऑडिट के तहत की गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) कार्यालय की ओर से जारी नोटिस में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान द्वारा स्थापित जौहर ट्रस्ट संचालित विश्वविद्यालय से एक सप्ताह के भीतर जवाब देने और अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन के आकलन के लिए भवनों के नक्शे और अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि यह निरीक्षण विद्यालयों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों और होटलों में चलाए जा रहे राज्यव्यापी अग्नि सुरक्षा ऑडिट का हिस्सा था। उन्होंने बताया कि लखनऊ में कोचिंग संस्थान में आग लगने की घटना में 15 लोगों की मौत के बाद यह अभियान शुरू किया गया था।

## करणी सेना के नेता की हत्या के मामले में एक अन्य आरोपी ने जमशेदपुर में किया आत्मसमर्पण

**जमशेदपुर :** करणी सेना के नेता हिमांशु सिंह की हत्या में कथित तौर पर लिप्त एक और आरोपी ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम ज़िले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बिष्टुपुर थानाक्षेत्र में 'डबल डाउन बार' के बाहर 27 जून को हुई इस हत्या के बाद से फरार राहुल दुबे ने थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एहतेशाम वकारीब ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''करणी सेना नेता की हत्या के मामले में आरोपी दुबे ने आज दोपहर आत्मसमर्पण कर दिया।'' एसएसपी ने बताया कि दुबे के आत्मसमर्पण करने के साथ ही, 28 वर्षीय हिमांशु सिंह की हत्या के मामले में प्राथमिकी में नामजद सभी 13 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गये हैं। इन लोगों में 'डबल डाउन बार' के मालिक और भाजपा नेता नीरज सिंह तथा चार किशोर भी शामिल हैं। इस मामले के मुख्य आरोपी विश्वनाथ लोहरा उर्फ बोदरा ने पुलिस के बढ़ते दबाव के बीच दो दिन पहले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने दो लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी। 'डबल डाउन बार' के अंदर किसी बात पर झगड़ा होने के बाद, हिमांशु सिंह और उनके दोस्त प्रत्यूष सिंह को बदमाशों के एक समूह ने पुलिस गश्ती वाहन से बाहर खींच निकाला था तथा पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में ही उन पर बड़े चाकुओं और कुल्हाड़ियों से हमला किया था।

## पहाड़ी राज्यों में बारिश का कहर, भूस्खलन से राजमार्ग बंद

**हिमाचल-उत्तराखंड में सड़कें ठप, पूर्वोत्तर में बाढ़ का संकट; यूपी, केरल समेत कई राज्यों में मौतें**

### कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली :** देशभर में मानसून का प्रकोप जारी है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार बारिश से भूस्खलन होने के कारण कई राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गए हैं, जबकि पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ और नदियों के उफान से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। बारिश से जुड़ी घटनाओं में विभिन्न राज्यों में कई लोगों की मौत हुई है और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हिमाचल प्रदेश में कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई प्रमुख मार्गों पर चट्टानें गिरने से यातायात बाधित रहा। कुल्लू में पहाड़ी से गिरे



पत्थरों की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि कई जिलों में स्कूल बंद रखने पड़े। उत्त-राखंड में भारी बारिश के कारण यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 118 सड़कें बंद हैं। उत्तरकाशी में भूस्खलन से राजमार्ग का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और एक किशोर की जान चली गई।पूर्वोत्तर में मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और असम में हालात चिंताजनक बने हुए हैं। मिजोरम में उफनाई नदी के कारण 80 से अधिक परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया, जबकि त्रिपुरा में 11 हजार से अधिक लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन से मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है।उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के दौरान नोएडा, मुजफ्फरनगर और बलरामपुर में अलग-अलग हादसों में लोगों की मौत हुई। मेरठ के मवाना में 24 घंटे में 315 मिमी बारिश दर्ज की गई। पश्चिम बंगाल में कोलकाता और उत्तर बंगाल के कई हिस्सों में जलभराव से यातायात प्रभावित रहा।इस बीच, दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान में बारिश थमने से मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रहा। मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश तथा भूस्खलन की आशंका जताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

## समाज की मदद करने, विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं आईआईएससी स्नातक: इसरो प्रमुख

**बेंगलुरु :** इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने शुक्रवार को भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों से समाज को कुछ वापस देने और जीवन भर सीखते रहने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में संबंधित छात्रों की ''बड़ी भूमिका'' होनी चाहिए। उन्होंने यहाँ आईआईएससी के 2026 के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिष्ठित संस्थान में पढ़ने का अवसर ''ईश्वर का उपहार'' है, और प्रदान की जाने वाली हर डिग्री माता-पिता, शिक्षकों, संकाय सदस्यों, संस्थान के कर्मचारियों तथा आयकर दात-ाओं की सामूहिक कोशिशों का परिणाम है। नारायणन ने कहा, ''कृपया समाज को कुछ वापस दें, समाज में योगदान करें और हमारे देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करें।'' उन्होंने कहा कि आज के स्नातकों के पास अधिक अवसर हैं, जबकि पहले की पीढ़ियों को नौकरी पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था।

## सूरत में बाढ़ के बाद बड़े पैमाने पर राहत और पुनर्वास अभियान शुरू किया गया

**सूरत :** गुजरात सरकार ने सूरत में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ के बाद बड़े पैमाने पर राहत और पुनर्वास अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बुधवार सुबह समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान 358 मिलीमीटर बारिश होने से सूरत में हालात खराब हो गए, जिसकी वजह से शहर के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, सूरत और आसपास के क्षेत्रों में हुई भारी बारिश और बाढ़ के बाद, गुजरात सरकार ने मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के मार्गदर्शन में सामान्य स्थिति जल्द से जल्द बहाल करने के लिए सूरत में बड़े पैमाने पर राहत और पुनर्वास अभियान शुरू किया है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि बाढ़ का पानी कम होने के बाद पैदा हुई गंभीर स्थिति को देखते हुए उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने बृहस्पतिवार देर रात सूरत के जिलाधिकारी कार्यालय में आपातकालीन उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। विज्ञप्ति के मुताबिक, बैठक में राहत और पुनर्वास कार्यों की विस्तार से समीक्षा करने के लिए सभी जिला समन्वय अधिकारी, सूरत नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## कश्मीर: आठ दिन में दो लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किये

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि शुक्रवार तक दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किये। उन्होंने कहा कि दोनों मार्गों पर यात्रा सुचारू रूप से जारी है और आने वाले हफ्तों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के साथ यह आध्यात्मिक यात्रा जारी रहेगी। सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आस्था के एक अद्भुत प्रमाण के रूप में पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के केवल आठ दिनों में दो लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर लिये हैं। हर हर महादेव! वार्षिक अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई को बालटाल और पहलगाम के दो मार्गों से शुरू हुई थी तथा इसका समापन 28 अगस्त को होगा।

## भारतीय मूल के शिशु का दुर्लभ जिगर प्रत्यारोपण किया गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के एक निजी अस्पताल में सात महीने के भारतीय मूल के त्रिनिदादी शिशु का दुर्लभ जिगर प्रत्यारोपण किया गया है। डॉक्टरों ने शुक्रवार को बताया कि उस जैसी दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी से ग्रस्त दुनिया भर में केवल कुछ दर्जन बच्चों पर ही यह प्रक्रिया की गई है। उसके पूर्वज करीब 175 साल पहले उत्तर प्रदेश से प्रवास करके कैरेबियाई देश चले गए थे। एक निजी अस्पताल के अनुसार, एरिक रैमसूक नामक शिशु का वजन चार किलोग्राम से भी कम था और वह टीजेपी2 जीन में दुर्लभ उत्परिवर्तन के कारण अंतिम चरण के 'लिवर फेलियर' से पीड़ित था। उसके परिवार की जड़ें उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के मोराडीहा गांव से जुड़ी हैं, जबकि एरिक का जन्म त्रिनिदाद और टोबैगो में हुआ है।

## दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में 'ब्रैकीथेरेपी' सेवा की शुरुआत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (डीएससीआई) ने कैंसर रोगियों को बेहतर उपचार देने के मकसद से 'ब्रैकीथेरेपी' सेवा शुरू की है। यह तकनीक ट्यूमर पर अधिक सटीक रेडिएशन देने और स्वस्थ ऊतकों को कम नुकसान पहुंचाने में सहायक है। दिल्ली सरकार के तहत आने वाले संस्थान ने एक बयान में शुक्रवार को बताया कि ब्रैकीथेरेपी एक रेडिएशन थेरेपी तकनीक है, जिसमें विकिरण स्रोत को ट्यूमर के भीतर या उसके अत्यंत निकट स्थापित किया जाता है और इससे कैंसरग्रस्त ऊतकों (टिशू) पर अधिक प्रभावी रेडिएशन दिया जा सकता है,



जबकि आसपास के स्वस्थ टिशू को न्यूनतम क्षति पहुंचती है। इसके मुताबिक, यह उपचार विशेष रूप से गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल), एंडोमेट्रियल, और अन्य चयनित कैंसरों के उपचार में अत्यंत प्रभावी है। संस्थान की कार्यकारी निदेशक डॉ सविता अरोड़ा ने कहा कि ब्रैकीथेरेपी सेवा के शुरू होने से कैंसर रोगियों को सुरक्षित एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध होगा तथा उन्हें समग्र कैंसर देखभाल एक ही स्थान पर मिल सकेगा। क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की प्रमुख (एचओडी) डॉ. प्रज्ञा शुक्ला ने कहा कि ब्रैकीथेरेपी आधुनिक रेडिएशन ऑन्कोलॉजी का एक अभिन्न हिस्सा है और संस्थान में यह सुविधा उपलब्ध होने से अब कई मरीजों को अत्यंत सटीक, वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित उपचार यहीं मिल सकेगा और उन्हें इलाज के लिए अन्य केंद्रों में रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## भुवनेश्वर एम्स में 100 रोबोटिक सर्जरी हुई



**भुवनेश्वर :** ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित एम्स ने शुक्रवार को बताया कि संस्थान ने रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम शुरू होने के साढ़े चार महीने के भीतर उन्नत रोबोटिक-सहायता वाली 100 सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कर ली जो एक बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने 23 फरवरी को संस्थान में रोबोटिक सर्जरी प्रणाली का उद्घाटन किया था। इस उपलब्धि के मौके पर शुक्रवार को संस्थान में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। संस्थान ने कहा कि इस उपलब्धि के साथ एम्स-भुवनेश्वर ओडिशा का पहला सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य संस्थान बन गया है, जहां पूरी तरह से बहु-विषयक रोबोटिक सर्जरी सुविधा है। इस कार्यक्रम के तहत कम और मध्यम आय वर्ग के मरीजों को किफायती लागत पर उन्नत सर्जिकल सुविधाएं उपलब्ध कराया जाता है। संस्थान ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी पांच प्रमुख विभागों में की गईं, जिनमें जनरल सर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, यूरोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग शामिल हैं।

## अमरनाथ यात्रा के लिए 33 विदेशी नागरिकों समेत 8,796 श्रद्धालुओं का जत्था जम्मू से रवाना



**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 33 विदेशी नागरिकों सहित 8,150 तीर्थयात्रियों का नौवां जत्था जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही दो जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से 1.73 लाख से अधिक श्रद्धालु 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में प्राकृतिक रूप से निर्मित भगवान शिव के 'हिमलिंगम' के दर्शन कर चुके हैं। शुक्रवार को 8,796 श्रद्धालु यहां आधार शिविर से 354 वाहनों में रवाना हुए जिनमें 6,046 पुरुष, 2,042 महिलाएं, 228 साधु, 56 साध्वी, 10 बच्चे, एक ट्रांसजेंडर और 33 विदेशी नागरिक शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार 'बम बम भोले', 'हर हर महादेव' और 'जय बर्फानी बाबा' के जयकारों के बीच वाहनों का काफिला दो अलग-अलग समूहों में रवाना हुआ। बालटाल जाने वाले वाहनों के काफिले में 3,450 श्रद्धालु थे।

## भारत-बांग्लादेश संबंधों को बेहतर बनाने के लिए संपर्क परियोजनाओं को शुरू किया जाए: मुख्यमंत्री साहा

**अगरतला :** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्ला से उन संपर्क परियोजनाओं को शुरू करने का आग्रह किया है, जिनमें भारत ने काफी निवेश किया है। दो प्रमुख परियोजनाएं अगरतला-अखौरा रेल लिंक और दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में फेनी नदी पर बना मैत्री सेतु निर्माण पूरा होने और मार्च 2021 में पुल के औपचारिक उद्घाटन के बावजूद अब तक शुरू नहीं हो पाई हैं। साहा ने पत्रकारों से कहा, मैंने बांग्लादेश के दूत से उनके देश में भारत विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाने का अनुरोध किया है, क्योंकि ऐसी घटनाएं द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने में मदद नहीं करेंगी। अगर हम संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं, तो संपर्क परियोजनाओं को शुरू किया जाना चाहिए क्योंकि लोग व्यापार करना चाहते हैं।

## एबीडीएम के तहत 93.95 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत खाते खुले: स्वास्थ्य मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक बनकर उभरा है। इसके तहत 93.95 करोड़ से अधिक खाते बनाए गए हैं, 105 करोड़ स्वास्थ्य रिकॉर्ड इससे जोड़े गए हैं तथा राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य रजिस्ट्री में 5.33 लाख स्वास्थ्य केंद्रों एवं 9.85 लाख स्वास्थ्य पेशेवरों का पंजीकरण किया गया है। इस संबंध में एक आधिकारिक बयान के अनुसार इस पहल के तहत 2.72 लाख स्वास्थ्य केंद्रों ने एबीडीएम-सक्षम सॉफ्टवेयर अपनाया है। इससे तेजी से ओपीडी पंजीकरण के लिए लगभग 24 करोड़ स्कैन और रजिस्टर टोकन जारी हुए हैं और स्वास्थ्य क्षेत्र में स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी का आसानी से और सहमति-आधारित आदान-प्रदान संभव हुआ है।

## राष्ट्रीय एकता के लिए एक-दूसरे की भाषाएं सीखना अहम: तमिलनाडु के राज्यपाल आर्लेकर

**चेन्नई :** तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शुक्रवार को कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों को एक-दूसरे की भाषाएं सीखनी चाहिए। राज्यपाल ने सुझाव दिया, उत्तर भारत के लोगों को कम से कम एक दक्षिण भारतीय भाषा जैसे तमिल, सीखनी चाहिए, जबकि दक्षिण भारत के लोगों को उत्तर भारत की कोई एक भाषा सीखनी चाहिए। लोक भवन के भारतीयर मंडप में 'चतुर्थ काशी तमिल संगमम, 2025' सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए आर्लेकर ने सवाल किया कि इस तरह भाषा सीखने में क्या कठिनाई हो सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाषा सांस्कृतिक संबंधों को गहरा करने में एक जरूरी सेतु का काम करती है। इस कार्यक्रम के दौरान, राज्यपाल ने प्रतियोगिता के विजेताओं, जूरी के सदस्यों और आयोजकों को सम्मानित किया।

## उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभद्र व्यवहार पर याचिकाकर्ता को अदालत कक्ष से निकाला गया

**नयी दिल्ली :** एक नाटकीय घटनाक्रम में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर सुनवाई के दौरान, अपना पक्ष रख रहे एक याचिकाकर्ता को शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से जबरदस्ती बाहर निकाल दिया गया। उसपर आरोप है कि उसने अदालत में अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और अपने कानूनी दस्तावेज फेंक दिए। यह घटना शुक्रवार को आंशिक कार्यदिवस के दौरान न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ के समक्ष हुई। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता ने असामान्य रूप से आक्रामक रुख अपनाया। काले कोट में, लेकिन वकीलों वाला बैंड पहने बिना अदालत में पेश हुए याचिकाकर्ता ने पीठ को संबोधित करते हुए कहा, न्यायिक सेवक महोदय, मैं आपको आदेश देता हूं कि आप लखनऊ के एसीपी के ख़िलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दें।

## चेक बाउंस मामले: अदालत ने राजपाल यादव की दोषसिद्धि बरकरार रखी, तीन महीने जेल की सजा सुनाई



**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेता राजपाल यादव को 'चेक बाउंस' मामलों में दोषी ठहराए जाने के फैसले को शुक्रवार को बरकरार रखते हुए उन्हें तीन महीने के कारावास की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली याचिकाएं दायर करने में 1,894 दिन या पांच वर्ष से अधिक की ''असाधारण'' देरी को माफ करने से इनकार कर दिया। साथ ही उन्होंने यादव को सातों शिकायतों में शिकायतकर्ता को एक-एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का निर्देश दिया। हालांकि, न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि अभिनेता द्वारा पहले ही अदा की जा चुकी लगभग दो करोड़ रुपये की राशि का समायोजन किया जाएगा। अदालत ने यादव को इस फैसले के खिलाफ अपीलीय अदालत का रुख करने के लिए दो महीने का समय भी दिया। न्यायमूर्ति शर्मा ने 108 पृष्ठों के फैसले में कहा कि यादव शिकायतकर्ता मेसर्स मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को भुगतान करने संबंधी अदालत को दिए गए अपने आश्वासनों का बार-बार पालन करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि हालांकि अदालत ने मामले का सौहार्दपूर्ण समाधान कराने के लिए गंभीर प्रयास किए, लेकिन अभिनेता ने अंततः कोई और भुगतान करने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। अदालत ने फैसले में कहा, ''इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि इन याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के दिन याचिकाकर्ता संख्या-1 (यादव) ने इस अदालत के समक्ष कहा कि 'वह शिकायतकर्ता को कोई राशि देने के लिए तैयार नहीं है और पैसे लौटाने के बजाय पांच बार जेल जाना पसंद करेगा।''

## असम बजट: बहुविवाह करने वालों को नहीं मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**गुवाहाटी :** असम सरकार ने शुक्रवार को पेश बजट में प्रस्ताव किया है कि बहुविवाह करने वाले लोगों को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजन-ाओं का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं, इस प्रथा का दोषी पाए जाने वाले सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा। अपना पहला बजट पेश करते हुए राज्य के वित्त मंत्री जयंता मल्ला बरुआ ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ केवल पात्र लोगों तक ही नहीं पहुंचना चाहिए, बल्कि समाज में समावेशिता, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को भी बढ़ावा देना चाहिए। बरुआ ने कहा, ''अध्यक्ष महोदय, महिलाओं के सशक्तीकरण और लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बहुविवाह करने वाला कोई भी पुरुष राज्य सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजना का लाभ पाने का पात्र नहीं होगा।'' बजट में असम सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1964 में संशोधन का प्रस्ताव भी रखा गया है। इसके तहत यदि कोई सरकारी कर्मचारी बहुविवाह का दोषी पाया जाता है, तो कानून के अनुसार उसे सरकारी सेवा से बर्खास्त किया जा सकेगा। बरुआ ने कहा, ''ईमानदारी और जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देने के लिए मैं प्रस्ताव करता हूं कि किसी भी आपराधिक कानून के तहत दोषी ठहराया गया व्यक्ति अधिसूचित सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने का पात्र नहीं होगा।''

## एआईआईएच एंड पीएच में विश्व जनसंख्या दिवस पर युवा आकांक्षाओं और जनसांख्यिकी पर मंथन



**कोलकाता :** कोलकाता ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हाइजीन एंड पब्लिक हेल्थ (एआईआईएच एंड पीएच), कोलकाता के सांख्यिकी विभाग ने शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस 2026 का आयोजन आज और भविष्य के लिए युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना विषय पर किया। संस्थान के निदेशक डॉ. मानस कुमार कुंडू ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि भारत की जनसांख्यिकीय क्षमता का पूरा लाभ उठाने के लिए युवाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, करियर और जीवन से जुड़े निर्णयों को वैज्ञानिक आंकड़ों और जनस्वास्थ्य नीतियों से जोड़ना आवश्यक है। डीन डॉ. देबाशीष दत्ता ने जनसंख्या से जुड़े मुद्दों और सतत विकास पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो. एस.के. भनावत ने हाल ही में जारी रिपोर्ट 'लाइव्स, चॉयसेज़ एंड फ्यूचर्स' के प्रमुख निष्कर्ष साझा करते हुए कहा कि साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण से जनसांख्यिकी और विकास से जुड़ी नई चुनौतियों का प्रभावी समाधान संभव है। कार्यक्रम में प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय की प्रो. सुहृता साहा ने पर्यावरणीय चिंता और जनसंख्या प्रश्न* तथा इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज़ के डॉ. सस्वत घोष ने भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव और वृद्ध होती आबादी विषय पर व्याख्यान दिया। प्रो. सायन भट्टाचार्य ने भी युवाओं की आकांक्षाओं पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर पोस्टर, वाद-विवाद और क्विज़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में अलीवा सामंता प्रथम, देबास्मिता राणा द्वितीय और अमृता सिंह तृतीय रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में डॉ. अंशु रंजन, डॉ. शगुफ्ता हक और रीता शर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पाक गैंगस्टर ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं के दिमाग में कट्टपंथ भरा: एटीएस

**मुंबई :** पाकिस्तान में रहने वाले गैंगस्टर शहजाद भट्टी के साथ कथित संबंधों को लेकर 112 लोगों से पूछताछ कर रहे महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने शुक्रवार को कहा कि उसने (गैंगस्टर) और उसके साथियों ने युवाओं को कट्टरपंथ के रास्ते पर ले जाने तथा उनकी भर्ती करने के लिए सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि एटीएस की 14 इकाइयों की टीम ने दिन में एक साथ कई शहरों में अभियान चलाया और पूछताछ के लिए 112 संदिग्धों को हिरासत में लिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक भट्टी ने अपने कथित साथियों- आबिद जाट उर्फ आबिद चाल, अजमल गुर्जर, मोहम्मद मेमन, राणा हुसैन, अशरफ बशीर आलम और अन्य लोगों के साथ मिलकर-फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया मंचों के ज़रिए युवाओं के बीच एक नेटवर्क बनाने की कोशिश की। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने युवाओं, खासकर बेरोजगारों को प्रभावित करने के लिए भड़काऊ धार्मिक सामग्री इन मंचों पर डाली और उन्हें आर्थिक मदद का लालच देकर जानकारी जुटाने, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी जैसी गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भट्टी पर सोशल मीडिया मंचों के जरिए युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें देश-विरोधी गतिविधियों के लिए उकसाने का शक है।

## दिल्ली में एक अगस्त से 'पिंक सहेली' स्मार्ट कार्ड के बिना महिलाओं को नहीं मिलेगी मुफ्त बस यात्रा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में एक अगस्त से मुफ्त बस यात्रा की सुविधा का लाभ लेने के लिए महिलाओं के पास 'पिंक सहेली' स्मार्ट कार्ड होना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि महिला यात्रियों द्वारा पिंक सहेली कार्ड को अपेक्षित संख्या में नहीं अपनाए जाने पर चिंता जताते हुए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने अपनी बसों में एक विशेष अभियान भी शुरू किया है। इसके तहत महिला यात्रियों को जल्द से जल्द यह स्मार्ट कार्ड बनवाने की सलाह दी जा रही है। डीटीसी के आदेश में कहा गया है, ''एक अगस्त से केवल उन्हीं महिला



यात्रियों को पिंक टिकट जारी किया जाएगा, जिनके पास वैध 'पिंक सहेली' स्मार्ट कार्ड होगा। बस में चढ़ते समय उन्हें इस कार्ड को टैप करना होगा। ऐसी महिला यात्री योजना की शर्तों के अनुसार मुफ्त बस यात्रा का लाभ लेती रहेंगी।'' अधिकारियों के अनुसार, सरकार ने मौजूदा कागज आधारित पिंक टिकट व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर स्मार्ट कार्ड आधारित प्रणाली लागू करने का फैसला किया है, ताकि मुफ्त बस यात्रा योजना का लाभ इसी माध्यम से दिया जा सके।

## मछली पकड़ने से जुड़े बंदरगाहों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं : शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार तटीय सुरक्षा को ''अभेद्य'' बनाना चाहती है, और पुलिस अधीक्षकों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले बंदरगाहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए तथा वहां केवल स्थायी पुलिस कर्मियों की ही तैनाती हो। मछली पकड़ने वाले बंदरगाहों और मछली उतारने वाले स्थल की सुरक्षा मजबूत करने की जरूरत पर जोर देते हुए, शाह ने मत्स्य पालन विभाग को निर्देश दिया कि वे सभी जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को पत्र लिखकर उनसे उनके जिलों में मछली उतारने वाले सभी स्थानों की सूची केंद्र को सौंपने के लिए कहें। सरकार के एक



बयान के मुताबिक, गृह मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा तैयार किए गए ''नभमित्र'' ऐप का बड़े पैमाने पर प्रचार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक मछुआरे इसे अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड कर सकें। बयान में कहा गया है कि मछुआरों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान और अधिक सुलभ बनाने पर जोर देते हुए, शाह ने निर्देश दिया कि पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करें कि मछली उतारने वाले बंदरगाहों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हों और इन जगहों पर केवल स्थायी पुलिस कर्मियों को ही तैनात किया जाए। गृह मंत्री ने 'ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी' (बीओपीएस) को स्थापित करने में हुई प्रगति का जायजा लेने के लिए एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की, जिसमें केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल भी शामिल हुए। उन्होंने निर्देश दिया कि 'बीओपीएस' में केवल उन्हीं निजी सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जाए जिन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने प्रशिक्षण दिया हो और ऐसे कर्मियों का एक डेटाबेस तैयार किया जाए। शाह ने कहा कि बंदरगाह की सुरक्षा का जिम्मा सिर्फ लाइसेंस वाली निजी सुरक्षा एजेंसियों को ही दिया जाना चाहिए। बीअ-ोपीएस को वाणिज्यिक पोत परिवहन अधिनियम, 2025 की धारा 13 के प्रावधानों के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

## एनआईए ने 1996 की श्रीनगर हिंसा मामले में छह अलगाववादी नेताओं के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्व-ेषण अभिकरण (एनआईए) ने शुक्रवार को श्रीनगर में 1996 में हुई भीड़ हिंसा और पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी के मामले में शब्बीर अहमद शाह समेत हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के छह अलगाववादी नेताओं के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। जांच एजेंसी के एक बयान के मुताबिक, जम्मू की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल आरोपपत्र में शाह के अलावा सैयद अली शाह गिलानी, अब्दुल गनी लोन, मोहम्मद याकूब वकील, जावेद अहमद मीर और शकील अहमद बख्शी के नाम भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि सभी छह लोगों पर आपराधिक साजिश, हत्या की कोशिश, बलवा करने और सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। गिलानी, लोन और वकील के




खिलाफ आरोप खत्म हो गए हैं, क्योंकि कार्यवाही के दौरान ही उनकी मौत हो गई थी। जांच के दौरान एनआईए ने पाया कि 17 जुलाई 1996 को श्रीनगर में मारे गए आतंकवादी हिलाल अहमद बेग का जनाजा निकलने के दौरान, सभी छह आरोपियों ने एक गैर-कानूनी भीड़ का नेतृत्व किया था और पुलिसकर्मियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा भड़काई थी। जांच के मुताबिक, हथियारबंद आतंकवादी उस भीड़ में शामिल हो गए, जिसका नेतृत्व आरोपी हुर्रियत नेता कर रहे थे। हिंसा के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिसमें कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए। जबरदस्त पथराव में सरकारी गाड़ियों को भी भारी नुकसान पहुंचा। एनआईए की जांच के मुताबिक, आरोपी हुर्रियत नेताओं ने भारत-विरोधी, पाकिस्तान-समर्थक और अलगाव-वादी नारे लगाकर हिंसा को सक्रिय रूप से भड़काया था। हिंसा वाले दिन ही श्रीनगर के शेरगढ़ी पुलिस थाने में इस मामले में एक शुरुआती प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गृह मंत्रालय के निर्देश पर अप्रैल 2026 में एनआईए ने इस मामले की जांच की जिम्मेदारी संभाली।

### गिल को विम्बलडन के रॉयल बॉक्स से मुकाबले देखने का निमंत्रण मिला

**लंदन :** भारतीय टेस्ट और एकदिवसीय टीम के कप्तान शुभमन गिल को विम्बलडन के प्रतिष्ठित रॉयल बॉक्स से मुकाबले देखने का विशेष निमंत्रण मिला है जिससे वह इस सम्मान को पाने वाले भारत के चुनिंदा कप्तानों की सूची में शामिल हो गए हैं। गिल यह सम्मान हासिल करने वाले चौथे भारतीय कप्तान बन गए हैं। उन से पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और रोहित शर्मा को ही रॉयल बॉक्स से विम्बलडन देखने का गौरव प्राप्त हुआ था। इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर मौजूद शुभमन गिल आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला की तैयारियों में जुटे हैं। इससे पहले उन्होंने ब्रिटेन के सिल्वरस्टोन सर्किट में आयोजित प्रतिष्ठित ब्रिटिश ग्रां प्री का भी लुत्फ उठाया। छब्बीस वर्षीय गिल ने पहली बार 'वीआईपी' अतिथि के रूप में फॉर्मूला-वन रेस का अनुभव किया। इस दौरान उन्होंने 'पैडॉक' का दौरा किया, फॉर्मूला-वन जगत से जुड़े कई लोगों से मुलाकात की और मोटरस्पोर्ट के इस प्रतिष्ठित आयोजन के विशेष माहौल का आनंद लिया। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां एवं अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला शनिवार को साउथम्प्टन में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें गिल की अगुवाई में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में आमने-सामने होंगी।

### फीफा विश्व कप फाइनल के लिए 7,380 डॉलर के करीब 1,200 टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध

**न्यूयॉर्क :** फीफा ने शुक्रवार को न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले विश्व कप फाइनल के लिए दो श्रेणी (कैटेगरी-2) के लगभग 1,200 टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध कराए। इन टिकटों की कीमत 7,380 अमेरिकी डॉलर प्रति टिकट रखी गई है। फीफा की अंतिम समय की टिकट बिक्री वेबसाइट पर कुछ समय पहले तक इस मुकाबले के टिकट 'सोल्ड आउट' (बिके हुए) दिखाए जा रहे थे। लेकिन इस पर कुल 1,178 सीटें उपलब्ध थीं। ये सीटें स्टेडियम के ऊपरी हिस्से में पांच सेक्शन में थीं।

# ब्रूक की नजरें 4-0 से सूपड़ा साफ करने के साथ टी20 रैंकिंग में इंग्लैंड को शीर्ष पर पहुंचाने पर

**ब्रिस्टल :** भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल करने के बाद इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने स्वीकार किया कि उन्हें इस टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के इतने एकतरफा होने की उम्मीद नहीं थी, ऐसे में उसका लक्ष्य अंतिम मुकाबला जीतकर 'क्लीन स्वीप' करने के साथ मौजूदा विश्व चैंपियन को इस प्रारूप की रैंकिंग के शीर्ष स्थान से हटाना है। श्रृंखला का पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। चौथे टी20 मुकाबले में इंग्लैंड ने 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज एक विकेट खोकर जीत दर्ज की। कप्तान ब्रूक ने आक्रामक अंदाज में 35 गेंदों पर नाबाद 79 रन बनाए, जबकि फिल सॉल्ट ने 42 गेंदों पर नाबाद 59 रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 146 रन की अटूट साझेदारी कर इंग्लैंड को नौ विकेट से आसान जीत दिलाई। श्रृंखला का अंतिम मुकाबला शनिवार को साउथम्प्टन में खेला जाएगा। इंग्लैंड अगर इसमें भी जीत दर्ज करता है तो वह भारत को पछाड़कर आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग



में शीर्ष स्थान हासिल कर लेगा। ब्रूक ने बृहस्पतिवार को मैच के बाद कहा, ''अगर हम दुनिया की नंबर एक टीम बन जाते हैं और इंग्लैंड (फुटबॉल विश्व कप में) सेमीफाइनल तक पहुंचता है, तो यह हमारे लिए बेहद शानदार उपलब्धि होगी।'' उन्होंने कहा, '' हमें बताया गया है कि अगला मैच जीतते ही हम शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच जाएंगे और यह निश्चित रूप से हमारा बड़ा लक्ष्य है।'' ब्रूक ने कहा, ''भारत बेहद मजबूत टीम है। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस श्रृंखला में यह टीम अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से थोड़ा पीछे रही है, लेकिन हमें खुशी है कि हमने अपनी योजनाओं को शानदार ढंग से अमल में उतारा।'' इंग्लैंड के कप्तान ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो भारत जैसी टीम को 4-0 से हराना बेहद विशेष उपलब्धि होगी और इसके साथ दुनिया की शीर्ष रैंकिंग की टीम बनना इसे और भी यादगार बना देगा।'' इंग्लैंड के कप्तान ने माना कि उन्हें भारत के खिलाफ इतनी आसान सफलता की उम्मीद नहीं थी। ब्रूक ने कहा, ''हमारी सीमित ओवरों की टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। हमने लगातार बेहतरीन क्रिकेट खेली है और विभिन्न परिस्थितियों तथा पिचों के अनुरूप खुद को अच्छी तरह ढाला है। विश्व कप में भी हमारा प्रदर्शन शानदार रहा था। वानखेड़े में बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हम जीत के बेहद करीब पहुंच गए थे।''

## सूर्यवंशी को मौका देना भावनात्मक रूप से सही, लेकिन संजू को बाहर करना तर्कहीन: पार्थिव

**नयी दिल्ली :** संजू सैमसन की जगह वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टी20 टीम में शामिल किए जाने की बहस को आगे बढ़ाते हुए पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने कहा कि इस युवा बल्लेबाज को टीम में जगह देना भावनात्मक रूप से सही फैसला है, लेकिन इसके लिए सीनियर बल्लेबाज को टीम से बाहर करना तर्कहीन है। पटेल ने यह भी स्वीकार किया कि अतीत में सैमसन को प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रखने के कारण टीम से बाहर कर दिया गया था लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में उन्हें बाहर करने का कोई कारण नजर नहीं आता है। पटेल ने जियोस्टार से कहा, ''हमेशा संजू सैमसन को ही क्यों बाहर किया जाता है? अगर आप पिछले 11-12 सालों में संजू सैमसन के करियर को देखें तो एक चीज शुरू से उनका पीछा कर रही है और वह है उनके खेल में निरंतरता का अभाव।'' उन्होंने कहा, ''या तो उस खिलाड़ी



को बाहर किया जाता है जो तेजी से रन नहीं बना पा रहा हो या फिर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा हो। आप भावनाओं और तर्क दोनों के आधार पर फैसले नहीं ले सकते। इसलिए वैभव सूर्यवंशी को मौका देना भावनात्मक रूप से सही फैसला था।'' पार्थिव ने कहा, ''लेकिन अगर तर्क की बात करें तो यह सवाल उठता है कि संजू सैमसन को क्यों बाहर किया गया। लेकिन मुझे लगता है कि यह फैसला भावनात्मक आधार पर लिया गया।''

## चेक गणराज्य की दो खिलाड़ियों के बीच खेला जाएगा विंबलडन महिला एकल का फाइनल

**लंदन :** लिंडा नोस्कोवा ने बचपन में टेनिस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया था, जब तक कि उन्होंने 2011 में चेक गणराज्य की अपनी हमवतन पेट्रा क्वितोवा को विंबलडन फाइनल जीतते



हुए नहीं देखा। ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट पर पहली बार खेलने वाली 21 वर्षीय नोस्कोवा ने कहा, ''शायद यही वह पहला क्षण था जब मुझे अहसास हुआ कि टेनिस जैसा कोई खेल भी होता है।'' लेकिन अब वह विंबलडन के महिला एकल फाइनल में हैं जहां उनका सामना चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा से होगा। नोस्कोवा ने सेमीफाइनल में मार्टा कोस्त्युक को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया जबकि मुचोवा ने कोको गॉफ को 6-2 1-6 7-6(10) से पराजित किया। इसका मतलब यह है कि 2023 में मार्केटा वोंद्रोसोवा और 2024 में बारबोरा क्रेज्सिकोवा के बाद चार साल में ऑल इंग्लैंड क्लब में तीसरी चेक महिला चैंपियन होगी। नोस्कोवा ने कहा, ''यह अब एक परंपरा बन चुकी है।'' वास्तव में इस देश की परंपरा इससे भी कहीं अधिक पुरानी है। जब क्रेज्सिकोवा ने अपना खिताब जीता तो उन्होंने कहा था तो कि उन्हें 1998 की विंबलडन विजेता याना नोवोत्ना ने पेशेवर टेनिस में आने के लिए प्रेरित किया। और नोवोत्ना अपने बाद की सभी चेक खिलाड़ियों की तरह विंबलडन की सर्वकालिक महान चैंपियन मार्टिना नवरातिलोवा से प्रेरित थीं, जिन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में रिकॉर्ड नौ एकल खिताब जीते थे।

## मंधाना, हरमनप्रीत और दीप्ति के अर्धशतक, भारत पहली पारी में 285 रन पर सिमटा

**लंदन :** स्मृति मंधाना (83 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (58 रन) और हरफनमौला दीप्ति शर्मा (57 रन) के अर्धशतकों के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को यहां खेले जा रहे एकमात्र महिला टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में 74.5 ओवर में 285 रन पर सिमट गई। इन तीनों की अर्धशतकीय पारियों के अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 35 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टोन ने तीन विकेट झटके जबकि लॉरेन



फाइलर, इसी वोंग और मैडी विलियर्स ने दो दो विकेट प्राप्त किए। लॉरेन बेल को एक विकेट मिला।

### मंत्रालय ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 191 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** खेल मंत्रालय ने 23 जुलाई से ग्लास्गो में शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 191 सदस्यीय भारतीय दल को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। इस दल में 126 खिलाड़ी और 51 टीम अधिकारी शामिल हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी समिति के निर्वाचित सदस्यों की यात्रा एवं अन्य व्यय का वहन सरकार नहीं करेगी। यहां जारी अधिसूचना के अनुसार, दल के भारत लौटने के 30 दिनों के भीतर खेल मंत्रालय को खिलाड़ियों के प्रदर्शन की विस्तृत रिपोर्ट प्रतियोगिताओं से संबंधित फोटो के साथ प्रस्तुत करनी होगी। भारतीय दल में कुल 126 खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें 78 पुरुष और 48 महिला खिलाड़ी हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया, ''कोई व्यक्ति अगर आईओए की कार्यकारी समिति, किसी राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) अथवा किसी अन्य खेल निकाय में निर्वाचित पद पर है और उसका नाम टीम अधिकारियों की सूची में शामिल किया गया है तो उसकी यात्रा एवं अन्य खर्च का वहन सरकार नहीं करेगी।'' मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि 'टीम अधिकारी' की श्रेणी में कोच, सहयोगी स्टाफ, चिकित्सा दल तथा दल के अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

## फ्रांस विश्व कप के सेमीफाइनल में, मोरक्को को 2-0 से हराया



**फॉक्सबोरो (अमेरिका) :** काइलियन एमबाप्पे ने पहले हाफ में पेनल्टी किक चूकने के बाद एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की जिससे फ्रांस ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से हरा दिया। फ्रांस की तरफ से ओस्मान डेम्बेले ने दूसरा गोल किया। अब सेमीफाइनल में उसका मुकाबला मंगलवार को डलास में स्पेन या बेल्जियम में से किसी एक से होगा। एमबाप्पे का 60वें मिनट में किया गया गोल उनके विश्व कप करियर का 20वां गोल था, जिससे वह अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी से सिर्फ एक गोल पीछे रह गए। डेम्बेले ने 66वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना पांचवां गोल किया। कतर में 2022 में खेले गए सेमीफाइनल में फ्रांस ने मोरक्को को इसी स्कोर से हराया था। फ्रांस अब लगातार तीन विश्व कप के फाइनल में खेलने वाला तीसरा देश बनने की राह पर है।

### विश्व कप में हार के बावजूद मिस्र की फुटबॉल टीम का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत

**अल-अलामीन :** फीफा विश्व कप के नॉकआउट चरण में अर्जेंटीना से 2-3 की रोमांचक हार के साथ अभियान समाप्त होने के बावजूद मिस्र की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का शुक्रवार को स्वदेश लौटने पर हजारों प्रशंसकों ने जोरदार स्वागत किया। अल-अलामीन हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में जुटे प्रशंसकों ने स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सलाह की तस्वीरें लहराईं और टीम की ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाते हुए खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। मिस्र ने इससे पहले विश्व कप में पहली बार अंतिम-16 में जगह बनाई थी। टीम ने अंतिम-32 मैच में ऑस्ट्रेलिया को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। टीम शनिवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात करेगी। राष्ट्रपति ने मंगलवार को फेसबुक पर जारी संदेश में खिलाड़ियों के 'सम्मानजनक प्रदर्शन और मिस्र के फुटबॉल इतिहास में अभूतपूर्व उपलब्धि' के लिए उन्हें बधाई दी थी। मिस्र फुटबॉल महासंघ (ईएफए) के साथ कोच होसाम हसन और कई खिलाड़ियों ने भी अर्जेंटीना के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मिली हार के बाद रेफरी के फैसलों की आलोचना की।



### सोने में 400 रुपये की तेजी, चांदी 5,000 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 1,48,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी की कीमत में 5,000 रुपये का उछाल आया। तेजी का कारण कारोबारियों के नीचे मूल्य पर लिवाली और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी रुख के बाद कीमती धातुओं की मांग में आई तेजी थी। इससे पहले के सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी ने भी लगातार तीन सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला तोड़ा और बृहस्पतिवार के 2,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 5,000 रुपये बढ़कर 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। कारोबारियों का कहना है कि यह सुधार डॉलर सूचकांक के लगातार तीसरे सत्र में कमजोर होने की वजह से आया, जिससे कीमती धातुओं की मांग बढ़ी। साथ ही, इस हफ्ते की शुरुआत में सोने की कीमत एक हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद निवेशकों ने कम कीमतों का फायदा उठाते हुए लिवाली की।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 828 अंक उछला

**मुंबई :** प्रमुख कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक एवं एचडीएफसी बैंक में लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 828 अंक और निफ्टी 244 अंक के लाभ में रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के जून तिमाही के बेहतर नतीजों के बाद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में आई तेजी से भी बाजार को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 827.57 अंक यानी 1.08 प्रतिशत उछलकर 77,569.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 900.41 अंक यानी 1.17 प्रतिशत चढ़कर 77,642.23 अंक



तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 244.10 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,206.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील और इन्फोसिस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त के साथ बंद हुए। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का शेयर करीब एक प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 4.61 प्रतिशत बढ़कर 13,349 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी तरफ, इटर्नल (जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली), भारती एयरटेल, सन फार्मा और ट्रेंट के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार में सकारात्मक रुख तिमाही नतीजों के सत्र की स्थिर शुरुआत से प्रेरित रहा। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार नरमी और रुपये में स्थिरता ने भी निवेशकों के भरोसे को समर्थन दिया। हालांकि, बाजार प्रतिभागियों की नजर भू-राजनीतिक घटनाक्रम और वैश्विक बाजारों के प्रदर्शन पर टिकी हुई है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत गिरकर 76.07 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## ई20 से पांच प्रतिशत घट सकती है माइलेज लेकिन स्वच्छ दहन जैसे लाभ अधिक: पेट्रोलियम मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) के इस्तेमाल से कुछ वाहनों में ईंधन दक्षता (माइलेज) तीन से पांच प्रतिशत तक कम हो सकती है, लेकिन इसके बदले मिलने वाले ऊर्जा सुरक्षा, कम कार्बन उत्सर्जन और बेहतर इंजन प्रदर्शन जैसे लाभ कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। मंत्रालय के अनुसार, इसके अलावा ऑक्टेन रेटिंग, बेहतर एंटी-नॉक क्षमता, तेज दहन, बेहतर पिकअप आदि जैसे लाभ भी इसमें शामिल हैं। एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम की आलोचनाओं का जवाब देने के लिए जारी प्रश्नोत्तर दस्तावेज में मंत्रालय ने कहा कि ई20, ई10 या शुद्ध पेट्रोल की तुलना में ''अधिक स्वच्छ, बेहतर गुणवत्ता वाला और अधिक दक्ष ईंधन है।'' इसे वर्षों तक वैज्ञानिक परीक्षण, वाहन विनिर्माताओं के साथ परामर्श




और घरेलू एथनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के बाद ही लागू किया गया है। मंत्रालय ने इस आशंका को खारिज किया कि यह कार्यक्रम जल्दबाजी में लागू किया गया। उसने कहा कि भारत की एथनॉल मिश्रण पहल की शुरुआत 2001 में प्रायोगिक परियोजनाओं से हुई थी और 2006 तक देश के कुछ हिस्सों में पांच प्रतिशत एथनॉल मिश्रण लागू कर दिया गया था। मंत्रालय ने कहा कि 2014 तक एथनॉल मिश्रण लगभग 1.5 प्रतिशत पर ही था, लेकिन 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति लागू होने और गन्ने के अलावा अन्य कच्चे माल को भी इसमें शामिल किए जाने के बाद सरकार ने एथनॉल उत्पादन में तेजी लाई। उसने कहा कि भारत ने निर्धारित समय से पहले 2022 में 10 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया और एथनॉल उत्पादन संयंत्रों, भंडारण तथा लॉजिस्टिक्स में निवेश के बाद 2025-26 एथनॉल आपूर्ति वर्ष में 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया। पुराने वाहनों को लेकर उठी चिंताओं पर मंत्रालय ने कहा कि ई20 को देशभर में लागू करने से पहले इंजन की टिकाऊ क्षमता, ईंधन प्रणाली, विभिन्न सामग्रियों के साथ अनुकूलता, जंग-रोधी क्षमता, वाहन संचालन और उत्सर्जन सहित अनेक पहलुओं पर व्यापक परीक्षण किए गए।

## वित्त मंत्री सोमवार को सार्वजनिक बैंकों के प्रमुखों के साथ करेंगी बैठक

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों के साथ बैठक करेंगी। बैठक में बैंकों की ओर से विदेशी मुद्रा जमा जुटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्री 13 जुलाई को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और आईडीबीआई बैंक समेत वित्तीय संस्थानों के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इसमें विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) जमा (एफसीएनआर-बी), विदेशी मुद्रा बांड और बाहरी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) जुटाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने प्रवासी भारतीयों (एनआरआई), भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों (ओसीआई) और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) से विदेशी मुद्रा जमा आकर्षित करने के लिए तीन से पांच साल की अवधि वाली नई एफसीएनआर (बी) जमाओं पर ब्याज दर सीमा को 30 सितंबर तक हटा दिया था। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब एफसीएनआर (बी) जमा में प्रवाह में तेज गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2025-16 में इसका शुद्ध प्रवाह घटकर केवल 94.6 करोड़ डॉलर रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 7.1 अरब डॉलर था। नई व्यवस्था के तहत आरबीआई तीन से पांच साल की अवधि वाली एफसीएनआर (बी) जमाओं के लिए बैंकों को रियायती विदेशी मुद्रा विनिमय सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इससे बैंकों की विदेशी मुद्रा जोखिम से बचाव की लागत में काफी कमी आएगी। इसके अलावा, आरबीआई ने 30 सितंबर, 2026 तक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) जुटाने के लिए भी रियायती विदेशी मुद्रा विनिमय सुविधा देने की घोषणा की है।

### सेबी ने म्यूचुअल फंड के लिए कारोबारी सत्र के दौरान उधारी के नियमों को आसान बनाया

**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड उद्योग को राहत देते हुए करोबारी सत्र के दौरान ली और चुकाई जाने वाली 'इंट्राडे' उधारी के दायरे का विस्तार किया है। नए नियम एक सितंबर से लागू होंगे। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को संशोधित ढांचा जारी किया। इसके पहले तीन जुलाई को सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमन, 2026 में संशोधनों को अधिसूचित किया गया था। पहले, म्यूचुअल फंड को केवल अस्थायी नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए ही उधार लेने की अनुमति थी और वह भी नियामकीय सीमाओं के तहत करना होता था। संशोधित ढांचे के तहत, अब म्यूचुअल फंड योजनाओं का संचालन करने वाली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) इस उधारी का इस्तेमाल निवेश के भुगतान, रोजाना के नफा-नुकसान समायोजन, विदेशी लेनदेन निपटान और पुराना कर्ज चुकाने जैसे कामों में भी कर सकेंगी।

### व्हाट्सऐप के बाद टेलीग्राम ने भी यूजरनेम फीचर पर सरकार को जवाब सौंपा

**नयी दिल्ली :** मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम ने भी व्हाट्सऐप के बाद 'यूजरनेम' फीचर को लेकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय से मिले नोटिस का जवाब दे दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि व्हाट्सऐप और टेलीग्राम की तरफ से दी गई प्रतिक्रियाओं का फिलहाल सरकार परीक्षण कर रही है। इन त्वरित संदेश मंचों के प्रस्तावित यूजरनेम फीचर के तहत उपयोगकर्ता अपना फोन नंबर साझा किए बगैर भी एक-दूसरे से संवाद कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि व्हाट्सऐप ने बृहस्पतिवार शाम को सरकार को अपना जवाब सौंप दिया था। इसके बाद टेलीग्राम की तरफ से भी सरकार को जवाब मिल चुका है। हालांकि दोनों कंपनियों की तरफ से सौंपे गए जवाब का ब्योरा नहीं मिल पाया है। उनकी तरफ से कोई आधिकारिक बयान भी नहीं जारी किया गया है। सरकार ने व्हाट्सऐप को पिछले सप्ताह नोटिस जारी कर प्रस्तावित फीचर पर सवाल उठाए थे और इससे ऑनलाइन धोखाधड़ी, दूसरे की पहचान का दुरुपयोग और डिजिटल अरेस्ट के मामलों में बढ़ोतरी होने की आशंका जताई थी। उस समय व्हाट्सऐप ने सरकार को आश्वासन दिया था कि वह भारत में इस फीचर को तब तक लागू नहीं करेगी जब तक इस बारे में चर्चाएं पूरी नहीं हो जातीं। इसके बाद आईटी मंत्रालय ने टेलीग्राम और सिग्नल को भी नोटिस जारी कर उनके मौजूदा यूजरनेम फीचर और उससे जुड़े सुरक्षा उपायों पर जानकारी मांगी थी।

## मोबाइल ऐप 1600 नंबर शृंखला से आने वाली कॉल को नहीं कर सकता ब्लॉक: ट्राई

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि 1600 नंबर शृंखला से आने वाली कॉल को कोई भी मोबाइल ऐप ब्लॉक नहीं कर सकता, क्योंकि ये कॉल सरकार एवं विनियमित संस्थाओं की तरफ से आम लोगों के साथ संवाद के लिए निर्धारित हैं। इसके साथ ही ट्राई ने कहा कि 140 नंबर शृंखला से आने वाली कॉल को केवल 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण के जरिए ही ब्लॉक किया जा सकता है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने स्पष्ट किया कि दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम (टीसीसी-सीपीआर) के तहत 1600 शृंखला से आने वाली कॉल को टैग, ब्लॉक या फिल्टर करने की अनुमति नहीं है। ट्राई के मुताबिक, 1600 नंबर शृंखला का उपयोग भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) और पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) जैसे नियामकों के अधीन आने वाली बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा कंपनियां अपने ग्राहकों से सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल के लिए करती हैं। इसके अलावा, सरकारी संस्थाएं भी नागरिकों से संवाद के लिए इसी फोन नंबर शृंखला का इस्तेमाल करती हैं। दूरसंचार नियामक ने कहा कि इस तरह की महत्वपूर्ण कॉल के लिए अलग फोन नंबर शृंखला निर्धारित करने का उद्देश्य इन्हें नागरिकों के लिए अधिक विश्वसनीय बनाना है। इसके साथ ही ट्राई ने कहा कि 140 नंबर शृंखला का उपयोग पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों द्वारा प्रचार संबंधी कॉल के लिए किया जाता है। इन कॉल को किसी ऐप के माध्यम से टैग या फिल्टर नहीं किया जा सकता और इन्हें केवल 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण के जरिए ही ब्लॉक किया जा सकता है। नियामक के अनुसार, उपभोक्ता डीएनडी रजिस्ट्री पर अपनी पसंद दर्ज कर किसी एक या सभी क्षेत्रों से आने वाली प्रचार कॉल को अनुमति दे सकते हैं या उन्हें ब्लॉक कर सकते हैं। यदि किसी उपभोक्ता ने किसी क्षेत्र की कॉल ब्लॉक कर दी है, तो उसे उस क्षेत्र से 140 शृंखला की कोई भी कॉल नहीं आएगी। प्राधिकरण ने कहा, ट्राई डीएनडी ऐप सहित विभिन्न माध्यमों से 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) पंजीकरण कराया जा सकता है। जहां तक 140 शृंखला की कॉल का सवाल है तो उसे टैग या फिल्टर नहीं किया जा सकता है, क्योंकि इससे उन उपभोक्ताओं को भ्रम हो सकता है जिन्होंने किसी क्षेत्र से कॉल की अनुमति दी हुई है। ट्राई के इस स्पष्टीकरण का मतलब है कि उपभोक्ता 1600 और 140 नंबर शृंखला से आने वाली कॉल को 'स्पैम' या 'फ्रॉड' के रूप में चिह्नित नहीं कर पाएंगे। इस बीच, कॉलर की पहचान करने वाले ऐप 'ट्रूकॉलर' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ऋषित झुनझुनवाला ने कहा कि 140 और 1600 शृंखला से आने वाली फर्जी (स्पैम) कॉल में काफी वृद्धि हुई है।

वर्ष 11, पूर्णांक 3649 अंक 115 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in